दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली।। मंगलवार 10 सितम्बर -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 331 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# जो बनेंगे भाजपा सदस्यता अभियान के 10 मुख्य टॉपर
## उन्हें मिलेगा मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात और चाय पीने का ऑफर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा अपने सदस्यता अभियान को लेकर पूरी तरह उत्साहित है। वो इस सदस्यता अभियान से एक बडा संदेश देना चाहती है। भाजपा देश की राजनीति में ये संदेश देना चाहती है कि वो एक ऐसा राजनीतिक दल है जो सबसे ज्यादा कार्यकताओं वाला दल है। सदस्यता अभियान में भाजपा ने अपना पूरा बल लगा दिया है। सांसद से लेकर पार्षद तक और राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर मंडल अध्यक्ष तक सदस्यता अभियान में जुटे हैं और इन सबके बीच गाजियाबाद महानगर अपने कार्यकताओं को लगातार उत्साहित कर रहा है। गाजियाबाद महानगर यूपी में दूसरे नंबर पर है। शहर विधानसभा दादरी के बाद दूसरे नंबर पर है और सदस्यता अभियान में जोश भरने के लिए संगठन के महानगर अध्यक्ष एक नया ऑफर बनाया है। संगठन ने ये ऑफर उन कार्यकताओं के लिए बनाया है जो सदस्यता अभियान की टॉप 10 वाली लिस्ट में आयेंगे।



### सांसद और विधायकों के लिए नहीं है टी विद सीएम वाला ऑफर

करंट क्राइम। भाजपा में कार्यकर्ता को देवतुल्य कहा जाता है और जो कार्यकर्ता देवता के तुल्य है उसे पार्टी ने ये ऑफर दिया है कि अगर वो सदस्यता अभियान में सबसे ज्यादा सदस्य बनायेंगे और ऐसा करने वाले 10 लोगों की लिस्ट में आयेंगे तो उन्हें अपने मुख्यमंत्री के साथ चाय पीने का मौका मिलेगा। लेकिन यहां संगठन ने इस स्कीम को केवल कार्यकताओं के लिए रखा है मंडल अध्यक्ष के लिए रखा और इस स्कीम को सांसद और विधायकों से दूर रखा है। सांसद और विधायक टी विद सीएम वाली स्कीम में भाग नहीं ले सकते।

सदस्यता अभियान में टॉप करने वाले टॉपरों को मुख्यमंत्री के साथ चाय पीने का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात का मौका मिलेगा और मुख्यमंत्री से बात करने का मौका मिलेगा। सदस्यता अभियान में सभी बढ चढ कर भाग लें। इसके लिए कार्यकताओं में उत्साह भरने के लिए संगठन ने ये ऑफर निकाला है। कमांडर के इस ऑफर के बाद सदस्यता अभियान में कम्पटीशन आयेगा। सीएम से मुलाकात विद टी वाले ऑफर के बारे में भगवा कमांडर संजीव शर्मा ने करंट क्राइम को बताया कि इसका उद्देश्य यही है कि सभी कार्यकर्ता सदस्यता अभियान में पूरे उत्साह के साथ काम करें।

उन्होंने बताया कि इस अभियान से हम सदस्यता अभियान में तेजी लाना चाहते हैं। इसके लिए महानगर संगठन ने क्षेत्रीय अध्यक्ष से बात की उनको अपना प्रस्ताव बताया और फिर उनसे अनुमति लेकर ये संदेश हमने कार्यकताओं में दिया। उन्होंने कहा कि सदस्यता के 10 टॉपरों को मुख्यमंत्री के साथ चाय पीने का मौका मिलेगा। जो सबसे पहले और सबसे ज्यादा सदस्य बनायेगा उसे मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात और चाय का मौका मिलेगा।

# भारत तक पहुंचा एमपॉक्स
## देश में पहले मामले की हुई पुष्टि

**नई दिल्ली।** भारत में खतरनाक वायरस एमपॉक्स के पहले केस की पुष्टि हो गई है। इस वायरस से संक्रमित पुरुष ने हाल ही में एमपॉक्स से संक्रमित देश की यात्रा की थी। उसे फिलहाल देखभाल के लिए अलग सुविधा में रखा गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, संक्रमित व्यक्ति की हालत फिलहाल स्थिर है। उसमें अभी तक ज्यादो कोई वायरस के लक्षण नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि यह ह्यविश्व स्वास्थ्य संगठनह्न द्वारा घोषित आपातकाल का हिस्सा नहीं है। प्रभावित देश की यात्रा करके लौटे इस व्यक्ति को संक्रमण की जांच के लिए हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था, जहां पर जांच के बाद पता चला कि मरीज में पश्चिमी अफ्रीकी क्लैड 2 के एमपॉक्स वायरस की मौजूदगी है। विश्व




स्वास्थ्य संगठन ने एमपॉक्स वायरस के क्लैड 1 स्ट्रैन को लेकर आपातकाल घोषित किया है। इससे पहले, आज केंद्र सरकार ने वैश्विक एमपॉक्स के प्रकोप के संबंध में सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के लिए गाइडलाइंस जारी की थी, जिसमें सभी अधिकारियों से उचित सावधानी बरतने और एमपॉक्स के लक्षणों के और रोकथाम के बारे में प्रचार-प्रसार करने को कहा गया था।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा करने, विशेष रूप से स्वास्थ्य सुविधा स्तर पर, अस्पतालों को इमरजेंसी सुविधाओं पर ध्यान देने के लिए कहा था।

# कमिश्नरेट में हुई एक और आईपीएस अधिकारी की पोस्टिंग
## एएसपी लिपि ने गाजियाबाद में लिया चार्ज, जल्द मिलेगा प्रभार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में लगातार आईपीएस अधिकारियों के आने और जाने का सिलसिला जारी है। बीते दिनों कमिश्नरेट से कई अधिकारी गए तो कुछ यहां भेजे गए हैं। इसी कड़ी में आईपीएस अंडरट्रेनी अधिकारी के रूप में लिपि का अलीगढ़ से गाजियाबाद तबादला हुआ था। तबादले के बाद उन्होंने गाजियाबाद में एएसपी के पद पर कार्यभार संभाल लिया है। बताया जा रहा है जल्द ही उनको किसी सर्किल का प्रभार दिया जाएगा। वह देहात का जोन हो सकता है। संभावना है उनको एसीपी मसूरी या भोजपुर को भेजा जाए। आईपीएस अधिकारी लिपि 2022 बैच की अधिकारी हैं और वह इससे पहले अलीगढ़ में अंडर ट्रेनिंग रह चुकी हैं। यहां पर पुलिस के शीर्ष अधिकारी उन पर किस जोन और सर्किल के लिए भरोसा जताते हैं, यह देखा जाना अभी शेष है। वैसे सुनने में आ रहा है कि वह अपनी वर्किंग व कॉफिडेंस के चलते जल्द ही चार्ज पा लेंगी।



### निवाड़ी थानाध्यक्ष को भेजा लाइन, गजेंद्र सिंह भाटी को मिला चार्ज

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में सोमवार की रात दो उप निरीक्षक स्तर के कर्मचारियों के तबादले किए गए हैं। जहां थानाध्यक्ष निवाड़ी रविता चौधरी को पुलिस लाइन भेजा गया है। तो वहीं निवाड़ी थाने का नया थानाध्यक्ष गजेंद्र सिंह भाटी को बनाया गया है। गजेंद्र सिंह भाटी इससे पहले थाना भोजपुर में उप निरीक्षक के पद पर तैनात रहे हैं। देर रात की गई इस पोस्टिंग के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। बताया जा रहा है बीते दिनों निवाड़ी क्षेत्र में हुई क्राइम की घटना को लेकर अधिकारियों द्वारा यह फैसला लिया गया है। वहीं देखना होगा देहात के जल्द ही कौन-कौन से प्रभारी अधिकारियों की रडार पर आते हैं।



# नगर निगम बना रहा है आय बढ़ाने का एक और प्रोग्राम
## ट्रेनिंग सेंटर, चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफिस और ब्यूटी पार्लर पर लगेगा कॉमर्शियल टैक्स

### 13 श्रेणियां आएंगी ट्रेड लाइसेंस के दायरे में

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों इंदिरापुरम नगर निगम को हैंडोवर देने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है।




अब इस प्रक्रिया में राशि जमा करनी है। तो वहीं नगर निगम की होने वाली आगामी बोर्ड बैठक में नगर निगम के अधिकारी और मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नगर निगम को फायदा पहुंचाने और आय बढ़ाने के लिए नया प्लान और प्रोग्राम तैयार कर चुके हैं। सूत्रों से जानकारी मिली है कि नगर निगम जिन 39 कार्यों को पहले ट्रेड लाइसेंस जारी करता था, अब 13 उसमें और जोड़े जाएंगे। मिली जानकारी के अनुसार इसमें जिम, ब्यूटी पार्लर, कोचिंग सेंटर, ट्रेनिंग सेंटर से लेकर चार्टर्ड अकाउंटेंट का कार्यालय तक शामिल किया जा सकता है। इसके साथ ही इसमें कई ऐसे कमर्शियल एक्टिविटी भी हैं जिनके बड़े-बड़े शोरूम शहर में पहले से ही संचालित हैं, नगर निगम क्षेत्र में जो भी ऐसे शोरूम होंगे उनको जल्द ही ट्रेड लाइसेंस के दायरे में लाने की नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। देखना होगा यह कितनी सफल या असफल रहेगी। इसको लेकर कौन पक्ष व विपक्ष के रुप में मोर्चा खोलता है।

### स्पोर्ट्स कंपलेक्स और स्पा सेंटर पर भी लगेगा लाइसेंस व टैक्स



करंट क्राइम : नगर निगम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम गाजियाबाद में अपनी आय बढ़ाने को लेकर ध्यान दे रहा है। इसके लिए अब अगर कोई भी व्यक्ति जिम, ब्यूटी पार्लर, कोचिंग सेंटर, ट्रेनिंग सेंटर, चार्टर्ड अकाउंटेंट कार्यालय, स्पा सेंटर, ज्वेलरी शोरूम, ब्रांडेड कपड़े और जूते के शोरूम के साथ ही स्पोर्ट कंपलेक्स संचालित कर रहा है और उसकी गतिविधि कमर्शियल हेतु उसे ट्रेड लाइसेंस के दायरे में लाया जाएगा। साथ ही उसे कमर्शियल टैक्स भी वसूला जाएगा। सूत्रों से जानकारी मिली है कि जल्द ही इस मामले में जो बोर्ड बैठक होगी, उसमें इस पर फैसला लिया जा सकता है।



### क्या बोर्ड बैठक में लग पाएगी इस नियम पर मोहर

करंट क्राइम : नगर निगम के अधिकारी जहां ट्रेड लाइसेंस और टैक्स लगाने की तैयारी का प्लान बना रहे हैं। तो वहीं जब यह प्रस्ताव बोर्ड बैठक में आएगा तो उसपर नगर निगम में पार्षदों की क्या राय रहती है। कौन इसको लेकर समर्थन करता है और कौन अपनी प्रतिक्रिया देने के साथ इस पर विरोध प्रदर्शन के रूप में सामने आता है, यह भी देखना दिलचस्प होगा। फिलहाल अगली बोर्ड बैठक की तिथि अभी तय नहीं है लेकिन नगर निगम के सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि इन 13 कार्य करने वाले लोगों को ट्रेड लाइसेंस लेने के साथ ही टैक्स भी देना होगा।

# ई-रिक्शा की रोक को लेकर मुखर हो रही आवाज, व्यापारी और नेता जता रहे हैं फैसले पर एतराज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में ई-रिक्शा को पहले हापुड़ रोड पर बंद करने और अब पुराने बस अड्डे से लेकर अंबेडकर रोड पर संचालन बंद करने पर मोहर लग चुकी है। तो वहीं व्यापारी, व्यापारी नेता और कांग्रेस के साथ ही राष्ट्रीय लोकदल के नेता भी इस मामले में पुलिस की कार्रवाई को एकतरफ बता रहे हैं। उन्होंने कहा है कि यह ई-रिक्शा संचालकों के कार्य पर सीधा अंकुश है।




-ट्रैफिक-एडवाइजरी-
यातायात पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद
अपर पुलिस उपायुक्त, यातायात
कमिश्नरेट-गाजियाबाद।

ई-रिक्शा ही एक ऐसा माध्यम है जो सीधे व्यापारियों और जनता के बीच का साधन है। इसके बंद होने से व्यापारियों पर सीधा असर पड़ेगा। वहीं ई-रिक्शा संचालकों और उनकी यूनियन के पदाधिकारियों का कहना है कि लगातार जिस तरीके से यातायात पुलिस ई-रिक्शा संचालन को बंद कराने को लेकर विभाग के सूत्र बता रहे हैं कि इसी क्रम में अगली कार्रवाई चौधरी मोड़ से लाल कुआं तक संभव है। ई-रिक्शा संचालन को अलग-अलग मार्गों पर बंद करने को लेकर ई-रिक्शा चालकों और संगठन इससे नाराजगी जाता रही है। तो फरमान जारी कर रही है, उससे काफी परेशानियां आ रही हैं। इसी मामले पर दैनिक करंट क्राइम ने ई-रिक्शा के विषय को लेकर अलग-अलग लोगों से बातचीत की और उनके विचार लिए।

## ई-रिक्शा चालकों ने किया प्रदर्शन

### व्यवस्थित तरीके से हो ई-रिक्शा संचालन, रोक लगाने से बढ़ेगी परेशानी : इंद्रजीत सिंह टीटू

करंट क्राइम : अखिल भारतीय उद्योग एवं व्यापार महासभा रजिस्टर्ड के राष्ट्रीय प्रवक्ता इंद्रजीत सिंह टीटू का कहना है कि मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है कि गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर ने आदेश जारी करते हुए अंबेडकर रोड पर ई- रिक्शा संचालक पर रोक लगा दी है। इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है और यह 12 सितंबर से अमल में लाया जाएगा। यह बात ठीक है कि ई-रिक्शा संचालित होने से ट्रैफिक के हालात खराब हो चुके हैं। इस आदेश से यहां जाम से राहत मिलेगी, वहीं शहरवासी होने के नाते में अधिकारियों से कहूंगा कि इसमें संशोधन किया जाना चाहिए। ई-रिक्शा का संचालन पूरी तरह से बंद करना लोगों और बुजुर्गों के साथ ही व्यापारियों के लिए परेशानी भरा फैसला है। हां ई-रिक्शा की प्रत्येक रूट पर संख्या निश्चित करी दी जाए। ज्यादा ई-रिक्शा ना चलें। इससे लोगों को सहूलियत होगी, अगर ई-रिक्शा बिल्कुल बंद कर दिया जाएगा, तो मेरा सुझाव है कि यह है ई-रिक्शा चालक जो गरीब आदमी हैं, उसकी रोजी-रोटी पर असर डालेगा लेकिन सीमित संख्या में अगर ई-रिक्शा चलेंगे तो जाम की समस्या भी खत्म होगी और लोगों को परेशानी भी नहीं उठानी पड़ेगी।



### व्यापारियों के लिए ई-रिक्शा बंद होने से होगी समस्या, व्यापार पर पड़ेगा असर : राजू छाबड़ा

करंट क्राइम : व्यापारी नेता राजू छाबड़ा का कहना है कि जिस तरीके से पुलिस और यातायात पुलिस द्वारा ई-रिक्शा अंबेडकर रोड पर संचालन बंद करने का आदेश दिया है इसका असर शहर की प्रमुख मार्केट जो मुख्य रूप से अंबेडकर रोड से जुड़ी हुई है उन इलाकों में अवश्य पड़ेगा। ई-रिक्शा लोगों के लिए एक सस्ता और सरल यातायात का माध्यम बन चुका है, जो कम पैसों में उन्हें गंतव्य तक पहुंचा सकता है। ई-रिक्शा की वजह से कई बार जाम की समस्या आती है, यह देखा गया है लेकिन ई-रिक्शा खड़े होने, रोकने और मार्ग पर चलने का एक तय रूट तैयार किया जाए, तो इस समस्या से बचा जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा है कि अगर इस रूट पर ई-रिक्शा बंद हो जाएगा, तो कई व्यापार प्रभावित हो जाएंगे। साथ ही व्यापारियों के लिए इससे दोहरी मार पड़ेगी। एक तो लोग सीधे प्रमुख बाजारों में नहीं आएंगे, साथ ही उनकी बिक्री और खरीदारी पर भी इसका सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि इस मामले में जनता के हितों का भी ध्यान में रखा जाए।



### बैटरी रिक्शा संचालन बंद होने से रोजगार पर पड़ेगा असर : नसीम खान

करंट क्राइम : ई-रिक्शा संचालन बंद करने के फैसले को लेकर राजनीतिक और व्यापारिक संगठन आवाज उठाने लगे हैं। सोमवार को कांग्रेस नेता नसीम खान ने समर्थन देते हुए दर्जनों बैटरी व ई-रिक्शा वालों के साथ समर्थन किया और कहा कि बैटरी रिक्शा और ई रिक्शा बेरोजगार युवाओं का अपना जीवन चलने का आखिरी हथियार है। जिस वजह से वह हजारों परिवार जो अपना पालन पोषण कर रहे हैं, उनके लिए एक संकट आ जाएगा। उन्होंने कहा है कि यातायात पुलिस और पुलिस के अधिकारियों को इनसे जो समस्याएं हैं वह बैठकर हल करवाई जा सकती हैं। जहां तक जाम और अन्य कारण हैं, उसको लेकर रूपरेखा बनाई जाए। उसका ई-रिक्शा चालकों से पालन करवाया जाएगा। नसीम खान ने कहा है कि जल्द ही वह मामले को लेकर जिलाधिकारी सहित अन्य उच्च अधिकारियों से बातचीत करेंगे। ई-रिक्शा बहुत कम पैसों में लोगों के अपने गंतव्य पहुंचने का साधन भी है, इसलिए इसको लेकर जो सख्त फैसले लिए जा रहे हैं, उसपर अधिकारियों को एक बार पुन विचार करते हुए जनता व उनकी बात को भी सुना जाना चाहिए।



### ई-रिक्शा बंद फैसले पर महिलाओं, बुजुर्गों और व्यापारियों की ओर भी देखना चाहिए : अजय गुप्ता

करंट क्राइम : शहर में पहले हापुड़ मार्ग और अब अंबेडकर रोड पर ई-रिक्शा बंद के फैसले को लेकर व्यापारियों और शहर के लोगों की राय आ रही है। इस विषय पर व्यापारी नेता अजय गुप्ता का कहना है कि जिस तरीके से ई-रिक्शा से महानगर की सड़कों और बाजारों में जाम का बिंदु उठाकर यह रोक लगाई गई है। ऐसे में उन्होंने कहा है कि त्योहारों का समय है। व्यापारियों को माल भेजने में असुविधा होती है। वहीं कुछ महिलाएं, बुजुर्ग जिनके पास अपनी गाड़ी नहीं है वह ई-रिक्शा के माध्यम को बड़े साधन के रूप में इस्तेमाल करती हैं। ई-रिक्शा चालकों की मनमानी और जाम से प्रशासन ने जो कदम उठाए हैं, इसका दुष्परिणाम महिलाओं, बुजुर्गों और व्यापारियों के जीवन और व्यापार पर पड़ेगा। इसलिए प्रशासन को कुछ ई-रिक्शा चालकों की लापरवाही व मनमानी की वजह से अन्य को लेकर कठोर फैसले में परिवर्तन करना चाहिए। जाम की स्थिति पैदा ना हो, इसको लेकर ई-रिक्शा संचालन का प्लान बनाया जाए। उन्होंने प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से अपील की है कि महानगर के सभी व्यापारी प्रशासन से अनुरोध करते हैं कि उनके व्यापार के मद्देनजर रखते हुए कोई ऐसा रास्ता निकाला जाए, जिससे किसी का नुकसान ना हो और परेशानी भी सामने ना आए।



# पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को यूपी सरकार दे रही सीधी भर्ती : मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 73वें अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग कलस्टर का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने अपनी सरकार में खेलों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों का वर्णन किया। प्राचीन काल से ही भारत की परंपरा में खेल और खेलकूद की गतिविधियों को महत्व दिया गया है। भारतीय ऋषि इस बात का उद्घोष करते हैं कि 'शरीरमाद्यम् खलु धर्म साधनम्' यानी धर्म के जितने भी साधन हैं, वह स्वस्थ शरीर से ही संभव हैं।

स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद, योगासन, प्राणायाम आदि क्रियाएं अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वस्थ शरीर ही समर्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना को भी साकार कर सकता है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने 73 वें अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर-2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। सीएम योगी ने प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों का अभिनंदन किया।




## दिव्यांग खिलाड़ियों ने मनवाया अपनी प्रतिभा का लोहा

सीएम योगी ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत की संकल्पना के लिए जो कार्यक्रम प्रस्तुत किए थे, उनमें खेल और खेलकूद की गतिविधियां भी महत्वपूर्ण हैं। खेलो इंडिया खेलो, फिट इंडिया मूवमेंट, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, गांव-राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं। हर तबके का व्यक्ति इन आयोजनों के साथ जुड़ रहा है। पेरिस में पैरालंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के जज्बे को पूरा देश और दुनिया देख रही है कि कैसे बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और तेज का लोहा मनवाने का भी काम किया है। यह दृश्य हमारे लिए इसलिए भी प्रसन्नता का है, क्योंकि यह प्रधानमंत्री की 'एक भारत श्रेष्ठ भारत की' परिकल्पना को भी साकार कर रहा है।

## कई बार पराजय भी बड़ी जीत का मार्ग प्रशस्त करता है

सीएम योगी ने कहा कि खेल अपने कार्य के प्रति समर्पण के भाव के साथ तो जोड़ता ही है, साथ ही साथ जीवन में उतार-चढ़ाव के हर एक मोड़ पर जीतने की भी प्रेरणा देता है। अति प्रफुल्लित होकर अन्य के जीवन में बाधा पैदा करने की जो कुत्सित चेष्टाएं होती है, उसे रोकने का सामर्थ्य भी देता है। अगर किसी कारणों से सफलता नहीं प्राप्त हुई तो हर खिलाड़ी के अंदर शालीनता से उसे स्वीकार करने का भी सामर्थ्य भी पैदा करता है और जीवन इसी से चलता है।बहुत बार पराजय भी बड़ी जीत का मार्ग प्रशस्त करता है।

## हमें रचनात्मक कार्यों के साथ भी जुड़ना होगा

सीएम ने पुलिस बल के उपस्थित जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा रहा हो या विभिन्न प्रदेशों में कानून व्यवस्था, सुरक्षा का बेहतरीन माहौल बनाने का मुद्दा। पुलिस अपने इन उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता और ईमानदारी के साथ करने का प्रयास करती है, लेकिन इन सभी के बावजूद अन्य ऐसी गतिविधियां जो समाज को जोड़ती हो, एक दूसरे के मन में विश्वास पैदा करती हो, उन आयोजनों के साथ जुड़ना उतना ही रचनात्मक है और इसीलिए केवल पुलिसिंग ही नहीं, बल्कि हमें अन्य रचनात्मक कार्यों के साथ भी जुड़ना होगा।

## मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सीधी भर्ती से जोड़ा गया

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में खेल और खेलकूद की गतिविधियों के लिए व्यापक कार्ययोजना को आगे बढ़ाया है। हम लोगों ने खेल नीति भी बनाई। ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, एशियाड व विश्व चैंपियनशिप में जो खिलाड़ी मेडल प्राप्त करते हैं, उन्हें सीधी भर्ती के माध्यम में उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनाने की कार्रवाई हो रही है। अब तक ऐसे 500 से अधिक खिलाड़ियों को हम लोगों ने उत्तर प्रदेश पुलिस में सीधी भर्ती करने की कार्रवाई के साथ जोड़ा है। उनके बेहतरीन प्रदर्शन आज उत्तर प्रदेश पुलिस बल को नई गति देने में योगदान दे रहे हैं। खेलकूद की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए 57000 ग्राम पंचायत में खेल का मैदान, 825 विकास खंडों में मिनी स्टेडियम और 75 जनपदों में स्टेडियम निर्माण के कार्यक्रम को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाने वाला राज्य उत्तर प्रदेश है।

## नाम अलग हो सकते हैं, लेकिन मिशन सबका एक है- भारत की सुरक्षा

सीएम योगी ने कहा कि नाम भले ही अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन सबका कार्य व मिशन एक ही है और वह है भारत की सुरक्षा। यह हम सभी के लिए सर्वोच्च मायने रखती है। भारत नेपाल सीमा हो या भारत भूटान सीमा, वहां पर इन देशों के साथ भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक संबंधों पर कोई आंच आए बगैर एसएसबी इन सीमाओं की सुरक्षा के लिए बेहतरीन प्रयास कर रहा है। उत्तर प्रदेश के अंदर साढ़े पांच सौ किमी. की सीमा नेपाल से जुड़ी हुई है। उत्तर प्रदेश पुलिस एसएसबी के साथ ज्वाइंट पेट्रोलिंग में भाग लेती है। राष्ट्रीय सुरक्षा का उत्तरदायित्व मिलकर हम एक साथ निभाएंगे तो सीमाओं के क्षेत्र में आमजन का विश्वास भी अर्जित करेंगे। सुरक्षा के साथ कहीं पर कोई खरोच भी नहीं आने देंगे, इस विश्वास के साथ बेहतरीन तालमेल के माध्यम से यह कार्यक्रम आगे बढ़ते हैं तो अनेक रचनात्मक गतिविधियों को भी वहां पर उस क्षेत्रवासियों के लिए एसएसबी द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, सशस्त्र सीमा बल के डीजी दलजीत सिंह चौधरी आदि मौजूद रहे।

# न तो रुकना है और न ही थकना है : संजीव शर्मा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सदस्यता अभियान एक बड़े लक्ष्य को लेकर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश संगठन में अपनी एक नई पहचान बनाने के मार्ग पर निरंतर अग्रसर है। सदस्यता अभियान में लगे पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता सभी अपने-अपने लक्ष्य को भेदने का काम कर रहे हैं। महनगर अध्यक्ष सजीव शर्मा स्वयं मंडल मंडल जाकर अभियान को गति देने का काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने मुरादनगर शहर मंडल और मुरादनगर देहात मंडल में जाकर अभियान को बूस्टर करने का काम किया। मौजूद कार्यकर्ताओं से महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा न तो रुकना है और न ही थकना है। सदस्यता अभियान की बैठक के दौरान ही कार्यकर्ताओं ने पश्चिम उत्तर प्रदेश में प्रथम सर्वाधिक सदस्य बनाने वाले जिले की सूची में गाजियाबाद महानगर का नाम आने पर अध्यक्ष संजीव शर्मा को माला पटका पहनाकर बधाई दी। इसके साथ सभी ने प्रदेश सदस्यता अभियान में गाजियाबाद दूसरे नंबर पर आने के लिए भी बधाई दी। आंकड़े आने के बाद गाजियाबाद के कार्यकर्ताओं में जोश है।

## हमारा पूरा शोर सदस्यता पर जोर : महानगर अध्यक्ष

**करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने सभी का आभार जताते हुए कहा हम 1 और 1 ग्यारह हैं। इस उपलब्धि के आप सब भी बराबर के हकदार हैं। हमारा पूरा शोर सदस्यता पर जोर। आपको मालूम है भाजपा के सदस्यता अभियान का प्रथम चरण 25 सितंबर तक चलेगा। दूसरा चरण एक से 15 अक्तूबर तक चलेगा। सदस्यता अभियान में सभी पदाधिकारी एकजुटता के साथ कार्य करें।

# जी-20 के एक साल : पीएम मोदी के सुझाव ने शिखर सम्मेलन को बनाया था यादगार

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित 'भारत मंडपम' में 9 और 10 सितंबर 2023 को जी-20 समिट का सफल आयोजन हुआ था। इस सम्मेलन में विश्व के कई राष्ट्राध्यक्ष आर्थिक चुनौतियों, जलवायु परिवर्तन जैसे कई मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए एकत्रित हुए थे। सोमवार को इस आयोजन के एक वर्ष पूरे हो गए हैं, इस अवसर पर पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने भारत द्वारा पहली बार जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी किए जाने को याद किया और बताया कि किस प्रकार सरकार ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए थे। उन्होंने बताया कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वैश्विक कार्यक्रम में भाग लिया और गणमान्य अतिथियों के लिए भोजन को 'सरल' बनाने के सुझावों सहित छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दिया था, जिससे यह विश्व नेताओं के लिए एक यादगार कार्यक्रम बन गया। जी-20 शिखर सम्मेलन के मुख्य समन्वयक हर्षवर्धन श्रृंगला ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने व्यक्तिगत रूप से तैयारियों की देखरेख की और शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए आयोजन टीम को महत्वपूर्ण सुझाव दिए।अपने एक सुझाव को भी याद किया, जिसने इस सम्मेलन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। उन्होंने बताया कि शिखर सम्मेलन में शुरू में अनेक प्रकार के व्यंजन के साथ भव्य भोज और 400 से अधिक कलाकारों का एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल करने की योजना बनाई गई थी।



उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि, योजना सुनने के बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले जी20 शिखर सम्मेलनों से अपने अनुभव साझा किए और हमें बताया कि लंबी यात्रा और व्यस्त दिन के बाद, नेता रात के खाने पर थके हुए आते हैं और बस आराम करना चाहते हैं।

# गठबंधन की चर्चाओं के बीच आम आदमी पार्टी की पहली सूची जारी

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन की बात चल रही है। सुबह ही आप के नेताओं ने साफ किया था कि अगर कांग्रेस की तरफ से कोई सकारात्मक जवाब नहीं आता वे सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन की चचाओं के बीच आम आदमी पार्टी ने अपनी पहली सूची जारी कर दी है। पहली सूची में बीस नाम हैं। पार्टी ने कांग्रेस के 11 उम्मीदवारों के सामने अपने प्रत्याशी खड़े कर दिए हैं।



रोहतक से बिजेंद्र हुड्डा को प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं नारायणगढ़ से गुरपाल सिंह प्रत्याशी होंगे। पार्टी ने कलायत से अनुराग ढांडा को उम्मीदवार बनाया है। घरौंडा से जयपाल शर्मा, असंध से अमनदीप जुंडला को टिकट दी गई है। समालखा से बिट्टू पहलवान, उचाना कलां से पवन फौजी और डबवाली से कुलदीप गदराना को टिकट दिया गया है। रानिया से हैप्पी रानिया, भिवानी से इंदू शर्मा, महम से विकास नेहरा, बहादुरगढ़ से कुलदीप चिकारा, बादली से रणबीर गुलिया और बेरी से सोनू अहलावत शेरिया को उम्मीदवार घोषित किया गया है। इसके अलावा महेंद्रगढ़ से मनीष यादव, नारनौल से रविंद्र मटरू, बादशाहपुर से बीर सिंह सरपंच, सोहना से धर्मेंद्र खटाना और बल्लभगढ़ से रविंदर फौजदार को टिकट दी गई है। घरौंडा से जयपाल शर्मा, असंध से अमनदीप जुंडला को टिकट दी गई है। पूंडरी से नरेंद्र शर्मा को मैदान में उतारा गया है। 55 साल के शर्मा लोकसभा चुनाव में आप में शामिल हुए और पूंडरी में पार्टी का बड़ा चेहरा बने। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता और अनुराग ढांडा से उनकी नजदीकियां हैं। 1996 से 1999 तक इनेलो सरकार में सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री रहे। क्षेत्र में बड़े ब्राह्मण नेता हैं। पहली बार 1996 में निर्दलीय चुनाव लड़े और जीते। इसके बाद हरियाणा विकास पार्टी को समर्थन दिया और मंत्री बने। इससे पहले 1996 से लगातार चुनाव लड़ते आएं। एक बार इनेलो और एक बार बसपा से चुनाव लड़ा। इसके अलावा निर्दलीय चुनाव लड़ा।

**अनुराग ढांडा :** कलायत विधानसभा से उम्मीदवार बने अनुराग ढांडा आप का जाट समाज का बड़ा चेहरा हैं। बीटेक, मास कम्युनिकेशन और पॉलीटिकल साइंस में मास्टर डिग्री कर चुके ढांडा आप में वरिष्ठ राज्य उपाध्यक्ष हैं और कलायत के गांव धनौरी के मूल निवासी हैं। पिछले करीब दो साल से कलायत क्षेत्र में एक्टिव हैं। आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल से उनकी नजदीकियां हैं। अप्रैल 2023 से वरिष्ठ राज्य उपाध्यक्ष के तौर पर हरियाणा में जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

**इंदू शर्मा :** भिवानी से प्रत्याशी बनीं इंदू शर्मा एमए इक्नॉमिक्स और बीएड हैं। वे आठ दिसंबर 2021 में आम आदमी पार्टी में शामिल हुई थी। इंदू शर्मा ने भिवानी नगर परिषद में चेयरपर्सन का चुनाव भी लड़ा था।

वे पूर्व मंत्री डॉ. वासुदेव शर्मा की पुत्रवधू हैं, जो राजनीति में काफी लंबे अर्से तक सक्रिय रहे हैं। इंदु शर्मा की ब्राह्मण मतदाताओं में अच्छी पैठ है। वहीं इंदू शर्मा का पहला विधानसभा चुनाव है। जिसमें वे अपने परिवार के राजनीतिक अनुभव की बदौलत ही आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। भिवानी में सीधा मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है, जबकि आम आदमी पार्टी भी टक्कर देगी।

## नंदग्राम वार्ड 49 में सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभाष पार्टी) ने की बैठक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभाष पार्टी) के महानगर अध्यक्ष महेश पांडे के मार्गदर्शन में सोमवार को नंदग्राम वार्ड 49 में शिव किशोर त्रिपाठी के यहां पार्टी की मीटिंग हुई जिसमें पार्टी के विस्तार को लेकर और आगामी चुनाव की परिप्रेक्ष्य में चर्चा हुई। सभी ने मिलकर सुभाष पार्टी को एक मजबूत पार्टी के रूप में पेश करने का निर्णय लिया। सभा की अध्यक्षता एसके त्रिपाठी ने की। इस अवसर पर पार्टी के मुख्य पदाधिकारी महानगर अध्यक्ष महेश पांडे , हरिओम तिवारी, आरपी शुक्ला, मुकेश शर्मा, महेश पांडे (लल्लन), अनिल दुबे, नरेंद्र पांडे, सुरेंद्र तिवारी, आनंद मिश्रा और पार्टी के सभी कार्यकर्ता ने मिलकर पार्टी को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# शिकायतों के आधार पर एसडीएम के आदेशानुसार गैस एजेंसियों की हुई जांच



**लोनी, करंट क्राइम।** मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से तहसील लोनी क्षेत्रान्तर्गत गैस एजेंसियों पर घरेलू गैस सिलेंडरों में घटतौली करके उपभोक्ताओं को दिये जाने की प्राप्त शिकायतों पर उपजिलाधिकारी लोनी के निर्देशानुसार आपूर्ति विभाग एवं विधिक माप विज्ञान विभाग की संयुक्त टीम ने गैस एजेंसियों की जांच की। जांच टीम द्वारा मैसर्स अनमोल इण्डेन सेवा ग्राम असालतपुर फरूखनगर एवं मैसर्स भूमिका इण्डेन गैस सर्विस खन्ना नगर लोनी के गोदामों की एजेंसी के मालिक मैनेजरों की उपस्थिति में जांच की गयी। जांच के दौरान टीम द्वारा 14.2 कि.ग्रा. के घरेलू एलपीजी सिलेंडर एवं 19 किग्रा के कमर्शियल सिलेंडर की रेण्डम आधार पर तौल करायी गयी। जांच में सभी गैस सिलेंडरों का वजन मानक के अनुरूप सही पाया गया।

इस दौरान उपजिलाधिकारी लोनी राजेन्द्र कुमार ने अवगत कराया कि तहसील लोनी क्षेत्रान्तर्गत भविष्य में भी इस प्रकार समय-समय पर अन्य गैस एजेंसियों की भी जांच की जायेगी। यदि किसी भी एजेंसी के गोदाम पर अथवा भरे गैस सिलेंडरों की सप्लाई के दौरान यदि घटतौली की शिकायत की पुष्टि होती है तो एजेंसी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी।






# सूरत में गणेश पंडाल पर पथराव, 33 गिरफ्तार, रात में जमकर हुई थी हिंसा

## सुबह आरोपियों के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**गुजरात।** गुजरात में सूरत के सैयदपुरा मोहल्ले में रविवार रात गणेश पंडाल पर पथराव करने वाले आरोपियों के खिलाफ सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे इलाके में कई आरोपियों के अवैध निमार्णों पर बुलडोजर चलवा दिया गया। रात 6 युवकों ने पंडाल पर पथराव किया था। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद आरोपियों के घरवाले सैकड़ों लोगों के साथ प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया। इलाके में देर रात तक जमकर हिंसा हुई। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी छोड़े। इस मामले में 28 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

सोमवार सुबह से स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस की मौजूदगी में सुबह की आरती भी की गई। इलाके में करीब एक हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गिरफ्तार किए गए सभी लोग दूसरे धर्म के हैं। इनमें 2 नाबालिग भी हैं। सैयदपुरा इलाके में 'वरियावी चा राजा' के नाम से मशहूर गणेश प्रतिमा पर 6 युवकों ने पत्थर फेंके। इनमें से 4 वयस्क और 2 नाबालिग हैं। आरोपी एक टेम्पो में सवार होकर आए थे। पथराव के आरोपी भागने लगे, लेकिन आयोजकों ने सभी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद आरोपियों के परिवार और उनके इलाके के 200 से ज्यादा लोग पुलिस थाने पहुंच गए। इसी दौरान दोनों पक्षों में पथराव शुरू हो गया। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया और 10 से ज्यादा आंसू गैस के गोले छोड़े।





### पुलिस थाने से लगी गली से ही हुआ था पथराव

जिस गणेश पंडाल में पथराव की यह घटना हुई, वहां से पुलिस चौकी मात्र 100 मीटर ही दूर है। पुलिस चौकी के चारों ओर एक मुख्य सड़क और फिर अगल-बगल छह अन्य गलियां हैं। रात के करीब 10.30 बजे पुलिस थाने की एक गली से पथराव शुरू हुआ और इसके बाद तीन गलियों से पथराव होने लगा था। सूचना मिलते ही सूरत पुलिस की क्राइम ब्रांच, एसओजी, पीसीबी समेत सभी एजेंसियों के पुलिसकर्मी सैयदपुरा पहुंच गए थे।



### दोबारा पथराव के बाद हालात बिगड़े

इसके बाद सैयदपुरा पुलिस चौकी के पास से गुजरने वाली सड़क से दोबारा पथराव शुरू हो गया। इसके बाद विरोध प्रदर्शन देर रात हिंसक हो गया। भीड़ ने सैयदपुरा थाने का घेराव किया। इस दौरान दोनों धर्म के लोगों के बीच झड़प हुई। भीड़ ने पूरे इलाके में जमकर उत्पात मचाया और गाड़ियों में तोड़फोड़ और आगजनी भी की। पथराव में डीसीपी विजय गुर्जर समेत 10 से ज्यादा पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। आसपास की इमारतों से भी पथराव किया गया। इसके बाद देर रात स्थिति काबू में करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। आंसू गैस के करीब 10 गोले भी दागे गए।

### देर रात सांसद और विधायक भी पहुंचे

घटना की सूचना मिलने के बाद देर रात सूरत के सांसद मुकेश दलाल मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने की कोशिश की। घटनास्थल पर उनके पहुंचते ही जय श्रीराम के नारे लगने शुरू हो गए थे। इसी बीच भीड़ ने फिर से सैयदपुरा पुलिस चौकी का घेराव कर थाने का बोर्ड उतारने की मांग की। मुकेश दलाल ने कहा कि सभी पत्थरबाजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शांति की अपील करने पहुंचे स्थानीय विधायक कांति बलर और पुलिस के साथ भी धक्का-मुक्की हुई।

# मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बाइक के साथ किया चोर को गिरफ्तार

**लोनी, करंट क्राइम।** टीला मोड़ थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पेरिस फार्म हाउस रोड फरुखनगर से चोरी की बाइक के साथ शातिर वाहन चोर गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई है उस पर तीन मुकदमे और दर्ज हैं। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस टीम वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। कि इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी की एक व्यक्ति चोरी की बाइक पर सवार होकर आ रहा है जैसे ही वह चेकिंग स्थान पर पहुंचा पुलिस ने उसे रोका लेकिन वह भागने का प्रयास करने लगा पुलिस ने उसे कुछ ही दूरी पर दबोच लिया। और कागज देखें तो बाइक चोरी की निकली उसने अपना नाम कृष्ण उर्फ चेतू फरुखनगर बताया पूछताछ में वह शातिर वाहन चोर निकला उस पर दिल्ली एवं लोनी में चार मुकदमे दर्ज हैं पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।











# जारी है 100 पार्षदों की वेटिंग, कब आएगा नगर निगम की बोर्ड बैठक का इन्वीटेशन

## 19 जुलाई को हंगामे के बाद नहीं हुई थी बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** नगर निगम गाजियाबाद में लंबे समय से बोर्ड बैठक नहीं हुई है। पिछली बोर्ड बैठक 19 जुलाई को शुरू हुई थी, जो कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव के दौरान अगले दिन के लिए तय की गई थी, लेकिन पौधारोपण अभियान के वजह से फिर ना तो कार्यकारिणी की दोबारा बैठक बुलाई गई और ना अभी तक बोर्ड बैठक को लेकर किसी प्रकार की नगर निगम में हलचल दिखाई दे रही है। नगर निगम के पार्षदों को कहना है की बैठक नहीं होने की वजह से कई तरीके के विकास कार्य और जो उनकी परेशानी चल रही हैं वह रुकी हुई है। तो वहीं इस बात की भी चर्चा है कि जिस तरीके से बीते दिनों नगर निगम के अधिकारियों और महापौर को लेकर ओपन वार शुरू हुई थी यह भी वजह हो सकती है। उधर नगर निगम में ट्रांस हिंडन जोन के पार्षदों का कहना है कि बोर्ड बैठक न होने की वजह से निगम के कुछ अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं। तो वहीं शहर के पार्षदों का कहना है कि विकास कार्य होंगे तो क्षेत्र की जनता के बीच पार्षदों का विश्वास और भरोसा बढ़ेगा लेकिन बैठक न होने की वजह से अभी सब कुछ वेटिंग में चल रहा है।

### जल्द होनी चाहिए नगर निगम की बैठक : अजय शर्मा



**करंट क्राइम :** वार्ड -67 कमला नेहरू नगर और संजय नगर प्रथम से नगर निगम पार्षद अजय शर्मा का कहना है कि नगर निगम की बैठक जल्द ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि वैसे बोर्ड बैठक की सभी शक्तियां महापौर के पास होती हैं। लेकिन हम भी महापौर से निवेदन करेंगे कि जल्द से जल्द नगर निगम की बैठक कराई जाए ताकि जनता के रुके विकास कार्य पूरे हो और नगर निगम में पार्षदों की कार्य को लेकर जो परेशानी और नाराजगी है वह भी दूर हो सके। उन्होंने कहा है कि नगर निगम की बोर्ड बैठक हुए काफी समय हो गया है। बोर्ड बैठक को लेकर जल्द ही निर्णय हो।

### हर माह हो अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक: कविता प्रवीण भाटी



**करंट क्राइम :** नगर निगम में वार्ड-83 की पार्षद कविता भाटी ने बताया कि बोर्ड बैठक समय से होनी चाहिए, 1 साल में एक बार बोर्ड बैठक हुई है। बैठक ना होने से वार्ड के विकास के कार्यों में तेजी नहीं हो रहे हैं। जितना लेट बोर्ड बैठक होगी उतना ही वार्ड का विकास बाधित होगा। उन्होंने कहा कि बोर्ड बैठक के साथ-साथ हर माह अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक होनी चाहिए, जिसमें पार्षद अपने वार्ड के विकास कार्यों की समीक्षा अधिकारियों साथ कर सके। क्योंकि वार्ड में अधिकतर समस्या सीवर, लाइटों की होती है, जो समय दूर नहीं हो रही।

### बोर्ड बैठक को लेकर नियमों का रखा जाए ध्यान : शशि सिंह



**करंट क्राइम :** वार्ड- 18 रजापुर और शास्त्री नगर से नगर निगम की पार्षद शशि सिंह का कहना है कि महापौर और नगर आयुक्त को निर्देश जारी करते हुए जल्द से जल्द नगर निगम की बोर्ड बैठक करवानी चाहिए। उन्होंने बताया है कि नगर निगम की बोर्ड बैठक 60 दिन के भीतर एक बार अवश्य रखी जाए ताकि पार्षद अपने क्षेत्र के विकास के साथ जो उनके इलाके में समस्या आ रही हैं उसे नगर निगम सदन में रख सके और उनका समाधान कराया जा सके। उन्होंने कहा है कि नियमानुसार समय-समय पर बैठक होनी चाहिए लेकिन इस बार इसमें देरी देखने को मिल रही है। पार्षद का कहना है कि 60 दिन में बैठक कराने का निगम में नियम भी है।

### ईगो से ऊपर उठकर हो शहर का विकास: सचिन डगर



**करंट क्राइम :** नगर निगम में वार्ड-60 के पार्षद सचिन डगर ने बताया है कि बोर्ड बैठक जल्दी होनी चाहिए, जितनी जल्दी बोर्ड बैठक होगी उतना ही वार्ड के लिए बजट पास होगा। वार्ड के विकास कार्य रुके हुए हैं, उन्होंने बताया कि ईगो से ऊपर उठकर शहर के बारे में सोचा जाना चाहिए और शहर के विकास के कार्यों में इगो से ऊपर उठकर काम करना चाहिए। मेरी मांग है कि जल्द से जल्द ही बोर्ड बैठक हो। जिससे पार्षद अपने वार्डों की समस्या बता सके।

### बोर्ड बैठक ना होने से शहर की जनता को विकास से दूर किया जा रहा है: गौरव सोलंकी



**करंट क्राइम :** वैशाली वार्ड-76 के पार्षद गौरव सोलंकी ने बताया कि नगर निगम बोर्ड बैठक ना करके शहर की जनता को विकास से दूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के जो अधिकारियों ने अवैध रूप से जो टैक्स जनता पर लगाया है, उसका पार्षद विरोध करेंगे। यही कारण है कि बोर्ड बैठक लेट हो रही है। जितनी देरी होगी उतने ही अधिकारी अवैध रूप से टैक्स वसूल करेंगे, जनता से जिसका हम खुलकर बोर्ड बैठक विरोध करेंगे। बोर्ड बैठक न होने से वार्ड के अधिकतर कार्य रुके हुए।

### बोर्ड बैठक ना होने से नहीं हो रहे काम, रुका हुआ है वार्ड का विकास : नरेश भाटी



**करंट क्राइम :** वार्ड- 74 के नगर निगम से पार्षद नरेश भाटी ने बताया है कि बोर्ड बैठक समय से होनी चाहिए, बोर्ड बैठक ना होने से वार्ड के विकास कार्य रुके हुए हैं। एक साल में एक बोर्ड बैठक हुई है, इससे क्या होगा। जितनी जल्दी बोर्ड बैठा होगी उतना ही वार्ड के लिए विकास होंगे। अभी तक 30 लाख रुपए वार्ड में मिले हैं, जितनी जल्दी बोर्ड बैठक होती रहेगी उतना ही जल्दी क्षेत्र का विकास होगा। महापौर व नगरायुक्त मिलकर जल्द से जल्द बैठक बुलाएं। जिससे अपने वार्ड की समीक्षा सभी पार्षद सदन में कर सकें।

### बोर्ड बैठक ना होने से अधिकारी हैं बेलगाम: भूपेंद्र उपाध्याय



**करंट क्राइम :** वार्ड-41 से नगर निगम के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बताया है कि बोर्ड बैठक लंबे समय से नहीं होने से अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं। कई बार अधिकारियों को फोन करने वार्ड की समस्या से अवगत कराया जाता है, लेकिन वसुंधरा जोन के जलनिगम विभाग के जेई कई समस्या बताने के बाद भी नहीं सुनते नही हैं और उनके फोन तक नही उठते हैं। उन्होंने कहा है कि बोर्ड बैठक होगी तो अपने वार्ड की समस्या सदन में रखकर काम करवा सकते हैं, लेकिन बैठक नहीं होगी तो वार्ड में कई समस्याएं बनी हुई हैं वो खत्म कैसे होंगी।

### बोर्ड बैठक में होता है वार्ड की समस्या का समाधान: प्रतिमा शर्मा



**करंट क्राइम :** वार्ड-36 की निगम पार्षद प्रतिमा शर्मा ने कहा कि समय पर बोर्ड बैठक होनी चाहिए। बोर्ड बैठक ना होने से विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। वहीं वार्ड के लोगों को संतुष्ट नहीं कर पा रहे हैं। पार्षद जितनी जल्दी बोर्ड बैठक होगी, उतना ही जल्दी वार्ड में विकास होगा। उन्होंने बताया कि बोर्ड बैठक ना होने से लोगों में रोष हैं। वार्ड में काम नहीं हो रहा, हम भी लोगों को संतुष्ट नहीं कर पा रहे हैं। क्योंकि बजट ही नहीं है हमारे पास। जितनी जल्दी बोर्ड बैठक में बजट पास होगा उतनी ही जल्दी क्षेत्र का विकास होगा। इसके साथ ही विकास कार्य करवा सकेंगे और लोगों को विश्वास दिला सकें कि भाजपा की सरकार में विकास कार्य हो रहे हैं।

# गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष ने लगाई सदस्यता अभियान में बड़ी छलांग

## दादरी, बक्शी का तालाब के बाद गाजियाबाद शहर ने किया टॉप



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा का पूरा दल बल लगा हुआ है। सदस्यता अभियान की महत्ता का पता इसी से लग जाता है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करायी। गाजियाबाद में सदस्यता अभियान को लेकर ये आलम है कि सांसद से लेकर विधायक सभी सदस्यता करा रहे हैं। संगठन पूरी ताकत लगा रहा है और सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी आला कमान स्तर पर रोजाना मॉनीटरिंग हो रही है रोजाना समीक्षा हो रही है। यहां पर महानगर अध्यक्ष का सदस्यता अभियान में जबरदस्त शॉट लगा है और सोमवार को जारी हुई रिपोर्ट में यहां गौतमबुद्ध नगर की दादरी विधानसभा, लखनऊ की बक्शी का तालाब विधानसभा के बाद गाजियाबाद की शहर विधानसभा सीट का नाम आया है। गाजियाबाद महानगर क्षेत्र की इस महानगर विधानसभा सीट में उत्तर प्रदेश में तीसरे स्थान पर पहुंचकर टॉप थ्री में अपना नाम लिखाया है। गौतमबुद्ध नगर की दादरी विधानसभा के 30,291 सदस्य हैं और लखनऊ की बक्शी का तालाब विधानसभा 29,585 सदस्यों के साथ दूसरे नंबर पर गाजियाबाद 56 शहर विधानसभा सीट 29,349 के साथ तीसरे स्थान पर है। अगर प्राथमिक सदस्यता अभियान के आंकडे वाली रिपोर्ट देखें तो 9 सितम्बर तक उत्तर प्रदेश में 28,35,776 सदस्य बनाये गये हैं। इसमें उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभाओं को कवर किया गया है। पांच विधानसभाएं ऐसी हैं जो सदस्यता अभियान में आगे चल रही है इनमें दादरी प्रथम स्थान पर, बक्शी का तालाब दूसरे स्थान पर और गाजियाबाद तीसरे स्थान पर है। वहीं जिन विधानसभाओं का ग्राफ नीचे चल रहा है उनमें छपरौली, ऊंचाहार, सालन, रामनगर और हुसैनगंज विधानसभा हैं। यहां पर गाजियाबाद महानगर की सदर विधानसभा यानी विधानसभा संख्या 56 ने शानदार परफार्मेंस दी है और सोमवार को जब समीक्षा हुई तो गाजियाबाद की शहर विधानसभा सीट 39,349 सदस्यता के साथ गाजियाबाद जिले में प्रथम और यूपी में टॉप थ्री नंबर पर आई है। वहीं अगर गाजियाबाद की बात करें तो यहां सबसे बड़ी विधानसभा यानी गाजियाबाद 39,349 सदस्यता के साथ दूसरे तीसरे पर है और सोमवार वाली रिपोर्ट में मुरादनगर विधानसभा 10,095 सदस्यता के साथ तीसरे स्थान पर है। गाजियाबाद की ये रिपोर्ट उसे प्रदेश वाले कम्पटीशन में सपोर्ट कर रही है और यहां वो दादरी और लखनऊ से टक्कर ले रहा है। 9 सितम्बर की रिपोर्ट बता रही है कि सोमवार को कम्पटीशन हॉट रहा है और गाजियाबाद दादरी के बाद कम्पटीशन में टॉप कर रहा है। ये गाजियाबाद महानगर संगठन के लिए भी एक उपलब्धि मानी जा सकी है।

### हर दो दिन बाद जारी हो रही है सदस्यता अभियान की रिपोर्ट

**करंट क्राइम।** भाजपा के सदस्यता अभियान अभियान को लेकर गाजियाबाद में जबरदस्त टीमवर्क चल रहा है। भाजपा के पदाधिकारी, भाजपा के जनप्रतिनिधि उसके बूथ स्तर के कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ सदस्तया अभियान में लगे है। भाजपा महानगर अध्यक्ष अपनी टीम के साथ सफलता की थीम पर चल रहे हैं। बताते हैं कि पार्टी ने सदस्यता अभियान को लेकर मानक तय किये है और रोजाना समीक्षा हो रही है। हर दूसरे दिन पर प्रोग्रेस रिपोर्ट आती है और उससे पता चलता है कि कौन सी विधानसभा में सदस्यता अभियान का जलवा छाया हुआ है। सदस्यता अभियान में गाजियाबाद महानगर पूरी टक्कर दे रहा है और यहां ये उम्मीद लगायी जा सकती है कि सदस्यता अभियान में भाजपा महानगर की टीम अभी इस ट्रैक पर तेज दौडेगी और वो कई को पीछे छोडेगी। यहां लगातार अभियान चल रहा है और कम्पटीशन वाली सूची में बेहद मामूली अंतराल के साथ महानगर की टीम तृतीय स्थान पर है और ये उम्मीद लगायी जा सकती है कि वो तेजी पकड़ेंगे और टॉप वाले स्थान पर कब्जा कर लेंगे।

# दल वालों का दिल है ये जानने को बेकरार, कितनी सदस्यता करेंगे वो जो खुद को बता रहे हैं मजबूत दावेदार




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा सदस्यता अभियान चला रही है। एक तरीके से सबकुछ रिफ्रेश हुआ है और मोबाईल फोन में फिर से सदस्यता अभियान वाली मिस्डकॉल है। इसका मैम्बरशिप कार्ड बनाकर फेसबुक पर लगाया जा रहा है। व्हाट्सएेप स्टेटस पर लगाया जा रहा है और सभी अपने अपने दावे भी कर रहे हैं। भाजपा महानगर संगठन के लिए ये एक फील गुड करने वाली बात है कि शहर विधानसभा का नंबर पूरे यूपी में दूसरे स्थान पर है। सबसे बड़ी बात ये है कि पार्टी ने सांसदों से लेकर विधायकों को टारगेट दिये हैं और अधिक सदस्य बनाने वालो के लिए तो टी विद सीएम ऑफर आ गया है। अब दल में ही ये चर्चा है कि जिस विधानसभा में उपचुनाव होना है सदस्यता को लेकर वहीं तूफान आया है। शहर विधानसभा यूपी में दूसरे नंबर पर आई है और इस विधानसभा में उपचुनाव होना है और उपचुनाव के लिए सबसे ज्यादा दावेदारी भाजपा से है। भाजपा से 20, 30 या 40 दावेदार नहीं है बल्कि ये सूची हाफ सेंचूरी को पार कर गई है। अकेले गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट से भाजपा का टिकट पाने के लिए 56 दावेदार मैदान में है। ये वो दावेदार हैं जो बाकायदा बायोडाटा देकर दावेदारी कर रहे है और अब दल वाले ये जानने के बेकरार है कि इन 56 दावेदारों में से कौन कितनी सदस्यता करेगा और यहीं से पता चलेगा कि जिस विधानसभा में वो टिकट की दावेदारी कर रहे है उस विधानसभा में वो भाजपा के कितने सदस्य बना पाये हैं। पार्टी ये आम चर्चा है कि पता तो चले कि जो खुद को दावेदार बता रहा है वो पार्टी के कितने सदस्य बना रहा है। क्योंकि सदस्यता को भाजपा की राजनीति में शक्ति प्रदर्शन से जोडकर देखा जा रहा है। खुद भगवा कमांडर भी इसे स्वीकार कर चुके है। और अब सबकी नजर उन 56 दावेदारों पर है जो टिकट मांग रहे है। अभियान थमने के बाद पता चलेगा कि किसने कितने सदस्य बनाये है और फिर दावेदारों का नाम भी यहां निकल कर सामने आयेगा।



### नदिया पार वालों से लेकर लाईन पार वालों तक हैं दावेदार

**करंट क्राइम।** अगर शहर विधानसभा की बात करें तो ऐसा नहीं है कि यहां केवल शहर विधानसभा के कार्यकर्ता ही टिकट मांग रहे हो। टिकट भाजपा का है और इसे लेने के लिए कोई जिला पार करने को तैयार है तो कोई नदिया पार करके आ रहा है। लाईन पार वाले तो टिकट पर अपना दावा ही जता रहे हैं और शहर वाले टिकट के लिए विधानसभाओं का बॉडर पार करने से भी दावेदार खुद को रोक नहीं पा रहे हैं। नदिया पार से दावेदार आ रहे हैं और सुना है कि नोएडा वाले भी बराबर वाली सीट पर नजर रखे हुए हैं। नोएडा वालों की नजर की पूरी खबर लाईन पार वालों को है और लाईन पार वाले इस बात से फिक्रमंद भी हैं कि अभी तक तो नदिया पार वालों को देख रहे थे और ये जिला पार करके भी आने लगे। मुरादनगर से भी दावेदार आ रहे हैं। बताया ये जाता है कि नजरें धौलाना वालों की भी है और वो ठाकुर फैक्टर को लेकर दावेदार का ट्रेक्टर चला चुके है। तिरंगा अभियान इसी ठाकुर दावेदारी का हिस्सा बताया जाता है। बहरहाल अब नदिया पार वालों को ये बताना है कि शहर विधानसभा में कितने सदस्य बनाये हैं। धौलाना वालों को भी ये दिखाना है कि शहर विधानसभा में उन्होंने कितने ठाकुर मतदाताओं को भाजपा से जोड़ा है। मुरादनगर वाले भी सक्रिय होना चाहते हैं। वो भी दावेदारी कर रहे हैं और ऐसे में अब सबके सामने खुद को साबित करने का मौका है।

### सबकी नजर रहेगी संजीव शर्मा के सदस्यता रिकार्ड पर

**करंट क्राइम।** संजीव शर्मा भाजपा के महानगर अध्यक्ष है अगर अध्यक्ष के रूप में सफल आयोजनों की बात करें तो वो यहां टॉप पर हैं। पीएम के रोड शो से लेकर सीएम के रोड शो की सफलता का सेहरा उनके सर पहले से बंधा हुआ है। दीनदयाल उपाध्याय सभागार से लेकर हिंदी भवन सभागार तक उनके कार्यक्रमों की धूम रही है और अब संजीव शर्मा के सदस्यता अभियान पर सबकी निगाह है। संजीव शर्मा भले ही साईलेंट मोड पर हैं लेकिन पार्टी की एक लॉबी ये मानकर चल रही है कि संजीव शर्मा भगवा टिकट के दावेदार है और इसीलिए संजीव शर्मा पर सबकी निगाह है। बताया ये जाता है कि संजीव शर्मा कहीं ना कहीं अपनी दावेदारी वाली बात को स्वीकार कर चुके हैं। तो ऐसे में ये बड़ा प्रश्न रहेगा कि व्यक्तिगत रूप से संजीव शर्मा से कितनी सदस्यता करायी है।

### सांसद को बनाने हैं 20 हजार और मंडल अध्यक्ष का लक्ष्य है एक हजार

**करंट क्राइम।** पार्टी ने सदस्यता अभियान में सभी की भागीदारी तय की है और ऐसा नहीं है कि पार्टी ने अपने जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारियों को लक्ष्य नहीं दिया है। पार्टी ने सांसदों से लेकर मंडल अध्यक्ष तक टारगेट तय किये हैं। सांसदों को बीस हजार सदस्यता अभियान का लक्ष्य पूरा करना है। विधायकों को भी अपना टारगेट पूरा करना है और मंडल अध्यक्ष को एक हजार सदस्यता अभियान का टारगेट दिया गया है। यहां पर गौर करने वाली बात ये है कि सांसदों और विधायकों को भी पार्टी ने फ्रीहैंड नहीं रखा है उन्हें भी यह बताना है कि वो शहर में कितनी टीआरपी रखते हैं और मंडल वाले कार्यकर्ता को परफार्मेंस दिखाने का मौका है। मंडल अध्यक्ष को भी एक हजार सदस्यता अभियान का लक्ष्य पूरा करना है।

### तरीका है सलैक्टिव 100 मिस्डकॉल लगवाओ और बन जाओ मैम्बर एक्टिव

**करंट क्राइम।** मिस्डकॉल के जरिए आपको पार्टी के सदस्य बनाने हैं और सदस्यों की संख्या एक बड़ा ऑफर लेकर आई है। जिन्होंने सबसे ज्यादा सदस्यता करायी है उन चेहरों को टी विद चीफ मिनिस्टर का ऑफर है और इस बार पार्टी का सक्रिय सदस्य बनने के लिए भाजपा ने पैरामीटर ऊंचे कर दिये। पहले वाले सदस्यता अभियान में पार्टी ने ये स्कीम चलाई थी कि जो भी कार्यकर्ता अपने मोबाईल फोन से 50 मिस्डकॉल लगवायेगा और सदस्य बनायेगा वो मोबाईल फोनधारक सक्रिय भाजपाई हो जायेगा। इस सूपर 50 स्कीम का नतीजा ये निकला था कि कई पुराने भाजपाई सक्रिय वाला तमगा नही ले पाये थे और सैंकडो ऐसे नवभाजपाई थे जिन्होंने सुपर 50 स्कीम का लाभ उठाकर खुद को सक्रिय भाजपाई घोषित कर लिया था। तीन बार के मंत्री बालेश्वर त्यागी इस स्कीम के चलते सक्रिय भाजपाई वाली लिस्ट से आउट हो गये थे और ऐसे कई मामले सामने आये थे। वहीं नगर निगम में चर्चित सीएलसी ठेकेदार रहे पवन पाण्डे का नाम भाजपा की सक्रिय वाली सूची में आया था और कई भाजपा उम्र बिताने के बाद भी स्कीम के चलते सक्रिय नहीं हो पाये थे। इस बार फिर से भाजपा ये अभियान लाई और उसने इस मानक को ऊंचा कर दिया है। अब 50 सदस्य बनाने से काम नहीं चलेगा बल्कि ये नियम बनाया गया है कि 100 लोगों को मिस्डकॉल के जरिए पहले भाजपा परिवार से जोडना होगा और फिर इन 100 लोगों का डाटा भाजपा को उपलब्ध कराना होगा तब आप भाजपा के सक्रिय सदस्य हो जाओगे।

## संपादकीय

# पाक आर्मी चीफ का कबूलनामा

पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर की यह स्वीकारोक्ति महत्वपूर्ण है कि 1999 के करगिल युद्ध में पाकिस्तानी सेना शामिल थी। पहली बार पाकिस्तान सेना ने इतने ऊंचे स्तर पर और इतने स्पष्ट रूप में यह सच स्वीकार किया है। यह कबूलनामा साबित करता है कि चाहे कोई व्यक्ति हो या देश, सच से ज्यादा समय तक भाग नहीं सकता। देर-सबेर उसे सच को मानना ही पड़ता है।


तथ्य यह है कि 1999 में करगिल में चोरी-छुपे भारत की सीमा में घुस आने के बाद भी पाकिस्तान सेना इस तथ्य से मुंह चुराती रही। उसने बार-बार यही कहा कि करगिल में कश्मीर के स्थानीय लड़ाके ही लड़ाई लड़ रहे हैं। यहां तक कि भारत ने जब इस युद्ध में मारे गए पाकिस्तानी सैनिकों के शव सौंपने चाहे, तब भी पाकिस्तान ने उन्हें लेने से इनकार कर दिया।

बाद के घटनाक्रम ने साफ किया कि पाकिस्तान के लिए इस सच को छुपाना मुश्किल साबित हो रहा था। लिहाजा वह टुकड़ों और इशारों में सच बताता रहा। करगिल युद्ध के दौरान सेना प्रमुख रहे और बाद में राष्ट्रपति बने परवेज मुशर्रफ ने 2006 में आई अपनी किताब में स्वीकार किया कि करगिल प्रकरण के चलते उनके और तत्कालीन पीएम नवाज शरीफ के बीच दरार आई। 2010 में पाकिस्तान सेना ने आधिकारिक वेबसाइट पर शहीदों का कोना खंड के अंतर्गत करगिल संघर्ष में मारे गए 453 सैनिकों के नाम डाले। पिछले दिनों पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ भी मान चुके हैं कि पाकिस्तानी सेना ने लाहौर समझौते का उल्लंघन किया था।

पाकिस्तानी आर्मी चीफ के ताजा बयान को सच स्वीकारने की दो दशक पुरानी कोशिशों की नवीनतम कड़ी के ही रूप में देखा जा सकता है। लेकिन अब जब पाकिस्तानी सेना ने सर्वोच्च स्तर पर करगिल युद्ध का सच मान लिया है तो सवाल यह है कि क्या इससे दोनों देशों के रिश्तों पर कोई पॉजिटिव प्रभाव पड़ेगा। सीधा जवाब यह है कि ऐसी कोई संभावना कम से कम फिलहाल नजर नहीं आ रही।

दिक्कत यह है कि इस स्वीकारोक्ति के पीछे ईमानदारी और साफगोई नहीं है। हालांकि हाल में पाकिस्तान की तरफ से रिश्ता सुधारने की परोक्ष पेशकश कई बार आ चुकी है, रउड की बैठक के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पाकिस्तान आने का न्योता भी भेजा गया है, लेकिन आतंकी तत्वों से दूरी दिखाने का कोई उल्लेखनीय प्रयास आज भी नजर नहीं आता। खुद आर्मी चीफ ने अपने ताजा बयान में भी कश्मीर को ग्लोबल मसला बताया जबकि शिमला समझौते में दोनों देश इसे एक द्विपक्षीय मुद्दा मान चुके हैं। ऐसा रवैया रिश्तों को बेहतरी की ओर कैसे ले जा सकता है?

# भारत के डिफेंस मार्केट को 'मेक इन इंडिया' का मिल रहा फायदा, 14 प्रतिशत रह सकती है वार्षिक वृद्धि दर



**नई दिल्ली।** भारत सरकार की ओर से 'मेक इन इंडिया' पर जोर दिए जाने के कारण वित्त वर्ष 2024 से वित्त वर्ष 2030 तक देश का डिफेंस मार्केट 14 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ सकता है। इन्वेस्टमेंट फर्म जेफरीज की ओर से यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने और सरकार की ओर से डिफेंस सेक्टर के स्थानीयकरण पर जोर दिए जाने के कारण भारतीय डिफेंस कंपनियों के लिए मौके बढ़ रहे हैं। जेफरीज ने रिपोर्ट में कहा कि भारत सरकार एक तरफ डिफेंस के स्थानीयकरण पर जोर दे रही है। वहीं, दूसरी तरफ डिफेंस उपकरणों के एक्सपोर्ट को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे डिफेंस सेक्टर में ऑर्डर इनफ्लो बढ़ेगा। वित्त वर्ष 2024 से वित्त वर्ष 2030 के बीच भारत द्वारा डिफेंस पर खर्च को बढ़ाकर दोगुना किया जा सकता है। ऐसे में डिफेंस कंपनियों के शेयरों में तेजी जारी रह सकती है। डिफेंस कंपनियों को भारतीय बाजार में अगले 5 से 6 वर्षों में 90 से 100 अरब डॉलर अवसर मिलेंगे। 2022 में भारत का डिफेंस पर खर्च अमेरिका के खर्च का 10 प्रतिशत और चीन के खर्च का 27 प्रतिशत था। भारत डिफेंस उपकरणों का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आयातक देश है। विश्व में होने वाले कुल हथियारों के आयात में भारत की हिस्सेदारी 9 प्रतिशत है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि सरकार की ओर से डिफेंस निर्यात पर जोर दिए जाने के कारण वित्त वर्ष 2024 से वित्त वर्ष 2030 के बीच डिफेंस उपकरणों का निर्यात 18 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ सकता है। वित्त वर्ष 2017 से वित्त वर्ष 2024 के बीच भारत का डिफेंस निर्यात 14 गुना बढ़कर 2.6 अरब डॉलर हो गया है।

# अदाणी ग्रीन एनर्जी ने 750 मिलियन डॉलर के होल्डको नोट्स को पूरा भुनाया

**अहमदाबाद।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) की ओर से सोमवार को कहा गया है कि कंपनी ने सभी बकाया 750 मिलियन डॉलर या 4.375 प्रतिशत के होल्डको नोट्स को पूरी तरह से रिडीम कर लिया है। अदाणी ग्रुप की कंपनी की ओर से जनवरी 224 में रिडेम्पशन रिजर्व खाते के माध्यम से होल्डको नोट्स को पूरी तरह से बैकस्टॉप करने की घोषणा की गई थी। यह दिशानिर्देशों के अनुपालन के लिए मैच्योरिटी पर होल्डको नोट्स को भुनाने की तारीख से आठ महीने पहले किया जाता है। कंपनी की ओर से बयान में कहा गया कि तीन वर्ष के होल्डको नोट्स सितंबर 2021 में जारी हुए थे। इसके माध्यम से कंपनी की उच्च वृद्धि दर को समर्थन मिला है। बीते तीन वर्षों में अदाणी ग्रीन एनर्जी की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता तीन गुना बढ़कर 11.2 गीगावाट हो गई है, जो कि पहले 3.5 गीगावाट थी।

# एफपीआई ने सितंबर के पहले हफ्ते में भारतीय शेयर बाजार में निवेश किए 11,000 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने की शुरूआत में भारतीय शेयर बाजार में करीब 11,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। विदेशी निवेशकों द्वारा बड़े निवेश की वजह भारतीय शेयर बाजार का मजबूत होना और अमेरिका में सितंबर के मध्य में ब्याज दरों के कम होने की संभावना को माना जा रहा है। डिपॉजिटरीज के डेटा के मुताबिक, एफपीआई द्वारा 2 सितंबर से लेकर 6 सितंबर तक 10,978 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। एफपीआई, जून से ही भारतीय शेयर बाजारों पर बुलिश बने हुए हैं और लगातार खरीदारी कर रहे हैं। हालांकि, अप्रैल-जून के महीने में विदेशी निवेशकों द्वारा 34,252 करोड़ रुपये की बिकवाली की गई थी। समीक्षा अवधि में एफपीआई की ओर से इक्विटी के साथ-साथ डेट मार्केट में भी 7,600 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। मोजोपीएमएस के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर सुनील दमानिया ने कहा कि बॉन्ड इंडेक्स में शामिल किए जाने के अलावा कई अन्य फैक्टर्स से एफपीआई का इनफ्लो भारत में देखा जा रहा है। इसमें ग्लोबल डायनेमिक्स, अमेरिकी अर्थव्यवस्था की स्थिति, येन उधारी और जोखिम कम करने की रणनीतियां आदि शामिल हैं। बाजार के अन्य जानकारों का कहना है कि अमेरिका में आया ताजा डेटा यह दिखाता है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था मंदी की तरफ जा रही है। इसके कारण फेड सितंबर के मध्य में होने वाली बैठक में ब्याज दरों को 0.50 प्रतिशत तक कम कर सकता है। वहीं, अमेरिका का 10 साल के बॉन्ड की यील्ड कम होकर 3.73 प्रतिशत होना उभरते हुए बाजारों में एफपीआई इनफ्लो के लिए सकारात्मक है। ऐसे में एफपीआई भारत जैसे बाजारों में आने वाले समय में खरीदारी और बढ़ा सकते हैं। हालांकि, मंदी और राष्ट्रपति चुनाव के कारण अमेरिकी बाजारों में आने वाले समय में उथल-पुथल देखने को मिल सकती है।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम

Pradeep Chauhan Valmiki was tagged.
Suman Singh is with Pradeep Chauhan Valmiki. · Follow
10h ·

बड़े भाई प्रदीप चौहान वाल्मीकि जी दादा बनने की खुशी में आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं
उर्मिला भाभी लक्ष्मी के रूप में आपके घर दोबारा पधारी हैं आपको और आपके परिवार को बहुत-बहुत शुभकामनाएं




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीजेपी अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री प्रदीप चौहान के घर नन्हीं परी पौत्री के रूप में आई है। बीजेपी की सुमन सिंह ने प्रदीप चौहान को स्पेशल विश किया। उन्होंने लिखा कि उर्मिला भाभी लक्ष्मी के रूप में आपके घर दोबारा पधारी है।

## चिढ़ रहे हैं लोग

प्रस्तुति करंट क्राइम

**संजीव शर्मा**
**(पूर्व पार्षद, गांधी नगर)**



जिन्दगी से चिढ़ रहे हैं लोग,
अब खुशी से चिढ़ रहे हैं लोग।

उलझनों से जूझना मुश्किल,
बेबसी से चिढ़ रहे हैं लोग।

भर गया मन में अंधेरा जब,
रोशनी से चिढ़ रहे हैं लोग।

हस्र दुनिया तेरा क्या होगा,
आदमी से चिढ़ रहे हैं लोग।

नफरतें सब पर ही हावी हैं,
दोस्ती से चिढ़ रहे हैं लोग।

कह रहे हैं सच्च कहा तुमने,
यूं हमीं से चिढ़ रहे हैं लोग।

पूंजीवादी इस व्यवस्था में,
हर किसी से चिढ़ रहे हैं लोग।



## राशिफल

**मेष:** जल्दी ही बीमारी से उबरने की संभावना है। आप अपने साथी के नजरिए को नजरअंदाज करेंगे, तो वह अपना आपा खो सकता/सकती है।

**वृष:** दिन शानदार रहेगा। कुछ बेहतरीन कर गुजरने के मूड में रहेंगे। कुछ अच्छे अवसर भी मिलेंगे, जिसका आप पूरा फायदा उठायेंगे। आपका आर्थिक पक्ष भी मजबूत रहेगा।

**मिथुन:** आपका धन कहीं पर लंबे समय से फंसा हुआ है, तो वह आज आपको वापस मिल सकता है। शनिदेव की कृपा से आपके रुके हुए सभी काम तेजी से पूरे होने लगेंगे।

**कर्क:** आपका व्यक्तित्व आज इत्र की तरह महकेगा और सबको आकर्षित करेगा। कुछ खरीदने से पहले उन चीजों का इस्तेमाल करें, जो पहले से आपके पास हैं।

**सिंह:** दिन मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी काम को पूरा करने में माता का सहयोग मिल सकता है। परिवार वालों के साथ कहीं आसपास टूर का प्लान बन सकता है।

**कन्या:** कन्या राशि वालों के परिवार में प्रेम बढ़ेगा और जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं। किसी भी नये कार्य को करने से पहले बुजुर्गों की सलाह जरूर लें।

**तुला:** जो धुंध आपके चारों तरफ छायी हुई है और आपकी प्रगति को बाधित कर रही है, उससे बाहर निकलने का समय है।

**वृश्चिक:** आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको कारोबार में आगे बढ़ने के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। ऑफिस में दिन अच्छा बीतेगा। एकस्ट्रा इनकम के नए जरिये भी मिलेंगे।

**धनु:** आज आप उन्नति करेंगे। आपका रुतबा और शोहरत दोनों बढ़ेगी। लंबे समय से चली आ रहीं सभी प्रकार की समस्याएं समाप्त होने वाली है।

**मकर:** शराब से दूर रहें, क्योंकि इससे नींद में खलल पड़ेगा और आराम से महरूम रह सकते हैं। जिन लोगों को जानते हैं, उनके जरिए आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे।

**कुंभ:** आज आपकी सोच सकारात्मक रहेगी। आप जितना सकारात्मक सोचेंगे, उतने ही सफल रहेंगे। जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ नया कर सकते हैं।

**मीन:** आज नया वाहन या प्रॉपर्टी खरीदने की योजना बन सकती है। आज का दिन आपके लिए खुशी और संतुष्टि भरा रहेगा।

## चुटकुले

सिक्योरिटी गार्ड से नौकरी के लिए इंटरव्यू में पूछा गया कि अंग्रेजी आती है?
गार्ड का शांतिपूर्ण जवाब
क्यों चोर इंग्लैंड से आएंगे क्या?

---

संता - इतना परेशान क्यों हो बंता?
बंता - अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े टैडी बियर गिफ्ट किए थे।
संता -´तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
बंता - उसकी मम्मी ने दोनों की रूई निकलवाकर 2 तकिए भरवा लिए।

---

टीचर - पप्पू तुम परिंदों के बारे में सब जानते हो?
पप्पू - जी हां, बहुत कुछ जानता हूं।
टीचर - जरा बताओ कौन सा परिंदा उड़ नहीं सकता?
पप्पू - टीचर, जी मैम, मरा हुआ परिंदा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- आपको जानकर आश्चर्य होगा कि कोटार्ड के सिंड्रोम में, जीवित लोग खुद को मरा हुआ मानते हैं।
- अब तक मानव इतिहास में करीब 100 अरब लोग मारे गए हैं।
- न्यूयॉर्क में, हत्या के मुकाबले अधिक लोग आत्महत्या करते हैं।
- साल 2004 में, फिनलैंड में एक कर लेखा परीक्षक का अपनी मेज पर निधन हो गया, और विभाग में एक ही मंजिल पर 100 कर्मचारियों के सदस्य होने के बावजूद, किसी को भी एहसास नहीं हुआ कि वह 2 दिनों से मर चुका था।
- भारत में जोरोस्ट्रियन पारसी समुदायं दफनाने के बजाए गिद्धों के लिए मृतकों की पेशकश करता है।
- क्या आप जानते हैं? डॉक्टरों की खराब लिखावट सालाना 7,000 से अधिक लोगों को मार देती है।
- शार्क सालाना लगभग 12 लोगों को मार देते हैं। लोग 11, 417 शार्क-एक घंटे में मारते हैं। साल 2004 में, पराग्वे में एक सुपरमार्केट आग में 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई क्योंकि मालिकों ने दरवाजे बंद कर दिए ताकि लोगों को इसके भुगतान के बिना माल से भागने से रोका जा सके।

# शेयर बाजार की दमदार वापसी, सेंसेक्स 375 अंक बढ़कर बंद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार ने सोमवार के कारोबारी सत्र में दमदार वापसी की। गिरावट के साथ खुलने के बाद बाजार के मुख्य सूचकांकों में रिकवरी देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 375 अंक या 0.46 प्रतिशत बढ़कर 81,559 और निफ्टी 84 अंक या 0.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,936 अंक पर था। यह बीते चार कारोबारी सत्रों में पहला मौका है, जब बाजार हरे निशान में बंद हुए। बाजार का नेतृत्व निजी बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 540 अंक या 1.07 प्रतिशत की तेजी के साथ 51,117 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में एचयूएल, आईसीआईसीआई, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप गेनर्स थे।




दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# पीएम मोदी ने पैरालंपिक में भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बताया 'विशेष और ऐतिहासिक'






**नई दिल्ली।** भारत के लिए पेरिस पैरालंपिक काफी ऐतिहासिक रहा। देश के पैरा-एथलीटों ने कुल 29 मेडल अपने नाम किए। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एथलीटों की सराहना की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पैरा-एथलीटों के खेल के प्रति समर्पण और अदम्य साहस की प्रशंसा की। उन्होने लिखा, पैरा ओलंपिक 2024 विशेष और ऐतिहासिक रहा है। भारत बहुत खुश है कि हमारे अविश्वसनीय पैरा-एथलीटों ने 29 पदक जीते हैं, जो खेलों में भारत की शुरूआत के बाद से अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। यह उपलब्धि हमारे एथलीटों के अटूट समर्पण और अदम्य साहस के कारण है।

उनके खेल प्रदर्शन ने हमें याद करने के लिए कई पल दिए हैं और कई आने वाले एथलीटों को प्रेरित किया है। पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों का रविवार शाम को समापन हो गया।

स्टेड डी फ्रांस में समापन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें लगभग 64,000 दर्शकों और 8,500 से अधिक एथलीटों संग उनके स्टाफ ने भाग लिया। 11 दिनों की प्रतियोगिता के बाद, भारतीय पैरा-एथलीटों ने पेरिस पैरालिंपिक में 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक जीते। पैरालंपिक में भारत का पहला पदक 1972 के खेलों में आया था, जिसमें मुरलीकांत पेटकर ने तैराकी में स्वर्ण पदक जीता था। 2024 खेलों से पहले, भारत ने 12 पैरालंपिक खेलों में 31 पदक जीते थे।

# पैरालंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के जज्बे को देख रहा पूरा देश : मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 73वें 'अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर-2024' के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पैरालंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के जज्बे को पूरा देश देख रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही भारत की परंपरा में खेल और खेलकूद की गतिविधियों का महत्व रहा है। स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद, योगासन, प्राणायाम आदि क्रियाएं अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वस्थ शरीर ही समर्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना को भी साकार कर सकता है। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने 'विकसित भारत' की संकल्पना के लिए जो कार्यक्रम प्रस्तुत किए थे, उनमें खेल और खेलकूद की गतिविधियां भी महत्वपूर्ण हैं। 'खेलो इंडिया', फिट इंडिया मूवमेंट, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, गांव-राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं। हर तबके का व्यक्ति इन आयोजनों के साथ जुड़ रहा है। उन्होंने कहा, ''पेरिस में पैरालंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के जज्बे को पूरा देश और दुनिया देख रही है कि कैसे बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हमारे खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और तेज का लोहा मनवाने का भी काम किया है। यह दृश्य हमारे लिए इसलिए भी प्रसन्नता का है, क्योंकि यह प्रधानमंत्री की 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत की' परिकल्पना को भी साकार कर रहा है। खेल अपने कार्य के प्रति समर्पण के भाव के साथ तो जोड़ता ही है, साथ ही जीवन में उतार-चढ़ाव के हर एक मोड़ पर जीतने की भी प्रेरणा देता है। अति प्रफुल्लित होकर अन्य के जीवन में बाधा पैदा करने की जो कुत्सित चेष्टाएं होती है, उसे रोकने का सामर्थ्य भी देता है। अगर किसी कारणों से सफलता नहीं प्राप्त हुई, तो हर खिलाड़ी के अंदर शालीनता से उसे स्वीकार करने का सामर्थ्य भी पैदा करता है और जीवन इसी से चलता है। बहुत बार पराजय भी बड़ी जीत का मार्ग प्रशस्त करता है। सीएम ने पुलिस बल के उपस्थित जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा रहा हो या विभिन्न प्रदेशों में कानून व्यवस्था और सुरक्षा का बेहतरीन माहौल बनाने का मुद्दा। पुलिस अपने इन उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता और ईमानदारी के साथ करने का प्रयास करती है, लेकिन इन सभी के बावजूद अन्य ऐसी गतिविधियां जो समाज को जोड़ती हो, एक-दूसरे के मन में विश्वास पैदा करती हो, उन आयोजनों के साथ जुड़ना उतना ही रचनात्मक है और इसलिए केवल पुलिसिंग ही नहीं, बल्कि हमें अन्य रचनात्मक कार्यों के साथ भी जुड़ना होगा।



# जब हुआ था विलियम्स बहनों का टकराव, भूपति की जीत और सम्प्रास की विदाई

**नई दिल्ली।** जहां हर सर्व एक कहानी बताता है और हर रिटर्न एक चुनौती पेश करता है। जब तेज गति से आती गेंद को फॉलो करने के लिए मशक्कत करते खिलाड़ी और रैकेट की हल्की सी झन्नाटेदार आवाज कोर्ट पर हलचल पैदा करते हैं, तब समझ लीजिए टेनिस का जादू आपका इंतजार कर रहा है। और 9 सितंबर का दिन इस खेल के बड़े टूनार्मेंट यूएस ओपन में एक संगम की तरह से है, जिस दिन तीन चैंपियन बने थे। जहां भारत ने भी आज से 25 साल पहले बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। भारत को यह उपलब्धि दिलाई थी महेश भूपति ने, जो भारत के पहले ग्रैंड स्लैम चैंपियन भी थे। जिन्होंने 1997 में जापान की रीका हिराकी के साथ फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। यह एक मिक्सड डबल्स खिताब था। अब तक भारत ने चार ग्रैंड स्लैम चैंपियन पैदा किए हैं जिसमें ओलंपिक पदक विजेता लिएंडर पेस, सानिया मिर्जा और रोहन बोपन्ना के अलावा महेश भूपति का नाम भी आता है। 1997 की जीत के दो साल बाद, 9 सितंबर 1999 को महेश भूपति ने जापान की ऐ सुगियामा के साथ मिलकर यूएस ओपन का मिक्स्ड डबल्स मुकाबला जीता था। यह मुकाबला डोनाल्ड जॉनसन ( अमेरिका ) और किम्बर्ली पो ( जापान ) की जोड़ी के खिलाफ था जिनको महेश भूपति और सुगियामा की जोड़ी ने 6-4, 6-4 से हरा दिया था। दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी को यह मैच जीतने में एक घंटे 20 मिनट में लगे थे। जीत के बाद भूपति ने कहा था, मेरी ताकत और सुगियामा के हुनर ने हमें यह खिताब दिलाया। तब 25 साल के भूपति ने कहा था कि शायद जापानी लड़कियां उनके लिए लकी हैं। यह खिताब बड़ा अहम था क्योंकि जूनियर स्तर पर टेनिस खेलने वाला एक खिलाड़ी ग्रैंड स्लैम जीतने का सपना देखता है। महेश भूपति ने अपने करियर में 12 बार इस सपने को पूरे किया है। 9 सितंबर का दिन विलियम्स सिस्टर्स की प्रतिद्वंद्विता से भी जुड़ा है। वीनस और सेरेना, जो कोर्ट पर एक-दूसरे के सामने खड़ी होकर टेनिस का जबरदस्त रोमांच पेश करती थीं। वीनस विलियम्स का खेल जहां टेनिस स्किल के साथ मसल्स पावर का भी प्रदर्शन था तो वहीं सेरेना विलियम्स के विरुद्ध पावर गेम्स ने विपक्षियों को काफी दबाकर रखा था। यह यूएस ओपन का महिला फाइनल था और आर्थर ऐश स्टेडियम में 23,000 से ज्यादा दर्शक इस ऐतिहासिक मैच को देखने के लिए उत्साहित थे। तब 21 साल की वीनस विलियम्स दुनिया की नंबर 4 खिलाड़ी थी और मौजूदा यूएस ओपन चैंपियन भी। उनकी 19 साल की छोटी बहन सेरेना विलियम्स 1999 की विजेता और दुनिया की नंबर 10 खिलाड़ी थीं। साल 2001 में खेले गए इस मैच के जरिए यूएस ओपन इतिहास में पहली बार दो बहनें सिंगल्स खिताब के लिए आमने-सामने थीं। पहली ही बार दो अश्वेत महिलाएं ओपन ट्रॉफी के लिए खेल रही थीं। इससे पहले 1998 के ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में और फिर 2000 में विंबलडन सेमीफाइनल में वीनस ने सेरेना पर जीत हासिल की थी। इस मैच को उनकी मां भी स्टैंड से बैठकर देख रही थीं। जिनका कहना था कि कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन जीतेगा, हर अंक उनकी एक बेटी का होगा। 69 मिनट तक चलने वाले इस मैच में वीनस ने सेरेना को 6-2, 6-4 से हराया था। जीत के बाद वीनस ने कहा था, एक तरह से हम दोनों की जीत है। बड़ी बहन होने के नाते मुझे लगता है कि वह मुझे हरा देती तो मैं ज्यादा खुश होती। यह थोड़ा अजीब है लेकिन यही छोटी बहन के लिए मेरा प्यार भी है। यूएस ओपन का और अहम मैच 9 सितंबर से जुड़ा हुआ है। यह दो दिग्गजों की प्रतिद्वंदिता का अंतिम मुकाबला साबित हुआ था। यह खिलाड़ी थे पीट सम्प्रास और आंद्रे अगासी। 2002 के यूएस ओपन फाइनल में सम्प्रास ने अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी आंद्रे अगासी को चार सेटों के एक रोमांचक मुकाबले में हराया था। एक ऐसा मैच जिसे सम्प्रास ने अपनी किताब, ए चैंपियन्स माइंड में लिखा था, यह मैच मेरे करियर का आखिरी और सबसे चुनौतीपूर्ण पड़ाव साबित हुआ। हालांकि अगासी के खिलाफ सम्प्रास का रिकॉर्ड 20-14 का रहा। इस फाइनल मैच को जीतने के बाद सम्प्रास ने यूएस ओपन में भी आगासी के खिलाफ क्लीन रिकॉर्ड पास किया था। लेकिन तब सम्प्रास को नहीं पता था कि यह उनके करियर का अंतिम मैच साबित होगा। तब वह 31 साल के थे। आगासी सम्प्रास से 17 महीने बड़े थे, लेकिन वह चार और साल तक खेलते रहे। इस मैच को जीतने के बाद सम्प्रास ने कहा था, आगे के कुछ महीनों में मुझे यह देखना होगा कि मैं कहां खड़ा हूं। आंद्रे जैसे प्रतिद्वंदी को हराना एक कहानी को अच्छा अंत देने जैसा है। शायद यह रुकने का अच्छा समय भी होगा। लेकिन मैं अभी भी प्रतिस्पर्धा करना चाहता हूं। मुझे खेलना अभी भी बहुत पसंद है। हालांकि 14 पुरुष सिंगल्स खिताब जीतने वाला यह लीजेंड इस मैच के बाद नहीं खेल पाया था। पीट सम्प्रास ने विंबलडन में सात, यूएस ओपन में पांच और ऑस्ट्रेलियन ओपन में दो बार खिताब अपने नाम किए थे।







# हार की कगार पर 'बैजबॉल' के दीवाने, श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टेस्ट में इंग्लिश कोच की बढ़ी परेशानी



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की पुरुष टीम के सहायक कोच पॉल कॉलिंगवुड ने कहा है कि अगर उनकी टीम को ओवल में श्रीलंका के खिलाफ चल रहे मैच में जीत हासिल करनी है तो उन्हें एक अच्छे दिन की जरूरत है। श्रीलंका 'द ओवल' में खेले जा रहे तीसरे और आखिरी टेस्ट में जीत की दहलीज पर है। इस मुकाबले में अब तक इंग्लिश बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजों के आगे सरेंडर करते नजर आए हैं। जबकि श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने भी दमदार प्रदर्शन किया है और जीत के बेहद करीब हैं। श्रीलंका ने तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 94/1 का स्कोर बना लिया था। चौथे दिन उसे इंग्लैंड पर ऐतिहासिक जीत हासिल करने के लिए 125 रनों की आवश्यकता है। बीबीसी स्पोर्ट ने कॉलिंगवुड के हवाले से कहा, अगर हमें यह मैच जीतना है तो हमें एक खास दिन की जरूरत होगी। ड्रेसिंग रूम में विश्वास होना चाहिए। इस स्थिति से जीतना एक यादगार टेस्ट मैच होगा। यह टीम कुछ खास चीजें करने में सक्षम है। हमें यह विश्वास रखना होगा कि हम स्थिति को बदल सकते हैं। उम्मीद है कि हम अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे। यह एक रोमांचक अवसर है। हम हमेशा असफलताओं के बजाय अवसरों पर ध्यान देते हैं। इस मैच में इंग्लैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 325 रन बनाए थे जिसके जवाब में श्रीलंका की पहली पारी भी महज 263 रनों के स्कोर पर ढह गई थी। हालांकि इसके बाद श्रीलंका के गेंदबाजों ने शानदार बॉलिंग करते हुए मेजबान टीम को दूसरी पारी में केवल 156 रनों पर सीमित कर दिया। तीन मैचों की इस टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड ने पहले ही 2-0 से अजेय बढ़त बनाई हुई है। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट मैच 5 विकेट से जीता था। दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 190 रनों से जीत मिली थी।

# एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी : जापान को 5-1 से हरा कर टॉप पर भारत




**मोकी (चीन)।** गत चैंपियन भारत ने पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में जापान को 5-1 से हरा दिया। इसी के साथ अंक तालिका में टीम पहले स्थान पर पहुंच गई है। सोमवार को खेले गए इस मुकाबले में भारत का दबदबा रहा। शुरूआत से ही टीम ने आक्रामक रवैया अपनाए रखा। भारत की जीत में सुखजीत सिंह ( 2', 60' ) ने दो गोल किए, जबकि अभिषेक ( 3' ), संजय ( 17' ) और उत्तम सिंह ( 54' ) ने एक-एक गोल किया। वहीं, जापान के लिए मात्सुमोतो काजुमासा ( 41' ) ने एकमात्र गोल किया। मैच के दूसरे मिनट में सुखजीत ने शानदार गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। इसके कुछ देर बाद ही भारतीय फारवर्ड ने बढ़त को 2-0 कर दिया। अभिषेक ने कई जापानी डिफेंडरों को छकाते हुए गोल दागा। दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय टीम का आक्रमण जारी रहा। संजय ने 17वें मिनट में एक शानदार पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। 3-0 की बढ़त के साथ भारत मजबूत स्थिति में था, जबकि जापान लगातार संघर्ष करता रहा। क्वार्टर में एक गोल के साथ, भारत ने मैच के अधिकांश समय में बॉल पर कब्जा बनाए रखा। 10 मिनट के हाफ-टाइम ब्रेक से वापसी करते हुए, भारत ने लय बनाए रखने की कोशिश की। लेकिन जापान ने कमबैक करते हुए 41वें मिनट में काजुमासा के गोल की बदौलत अपना खाता खोला। भारत के लिए चौथा गोल उत्तम सिंह ने किया। इससे भारत 54वें मिनट में 4-1 की बढ़त पर पहुंच गया। सुखजीत ने अंतिम सात सेकंड में अभिषेक की मदद से एक और गोल करके मैच को शानदार तरीके से समाप्त किया। इस लगातार जीत के साथ भारत ने अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे भारत के अभिषेक ने कहा, आज का प्रयास पूरी तरह से टीम का था। हम बुनियादी बातों पर टिके रहे। हमने अच्छा आक्रमण किया और सुनिश्चित किया कि हम लक्ष्य पर रहें। मैं प्लेयर ऑफ द मैच बनकर काफी खुश हूं। इससे पहले, भारत ने अपने पहले मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराया था।

# पुरानी दिल्ली 6 ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया : ऋषभ पंत



**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अदाणी दिल्ली प्रीमियर लीग ( डीपीएल ) में पुरानी दिल्ली 6 की टीम के प्रदर्शन और समर्पण की सराहना की है। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज के खिलाफ सेमीफाइनल मैच बारिश के कारण रद्द हो गया जिससे पुरानी दिल्ली 6 का फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया। हालांकि, पंत ने पूरे टूर्नामेंट में टीम के प्रयासों की प्रशंसा की। सेमीफाइनल मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार, अंक तालिका में ऊपर रहने वाली टीम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई। इस तरह दूसरे स्थान पर काबिज साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने फाइनल में जगह बनाई और 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहने वाली पुरानी दिल्ली 6 बाहर हो गई। पुरानी दिल्ली 6 के प्रदर्शन पर करीब से नजर रखने वाले ऋषभ पंत ने कहा कि टीम अगले सीजन में और मजबूती से वापसी करेगी। भारतीय स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट भी शेयर किया, जिसका कैप्शन था हमारी टीम ने दिल जीत लिया है। पंत ने एक बयान में कहा, मैने टीम का परफॉर्मेंस देखा और उनकी कड़ी मेहनत भी। उन्होंने यहां तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बारिश ने हमारा काम थोड़ा खराब कर दिया, लेकिन मुझे हर खिलाड़ी पर बहुत गर्व है। हमने इस सीजन में अपनी छाप छोड़ी। मुझे विश्वास है कि हम अगले साल और मजबूती से वापसी करेंगे और खिताब जीतने का लक्ष्य रखेंगे। इस बीच, अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने सीजन के दौरान पुरानी दिल्ली 6 की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। वह सेमीफाइनल में खेल नहीं हो सकने पर निराश थे, लेकिन दिल्ली प्रीमियर लीग के दौरान खिलाड़ियों के समर्पण की सराहना की। इशांत ने कहा, मैंने देखा है कि पूरे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने कितना प्रयास किया है। इस तरह से बाहर होना निराशाजनक है, लेकिन टीम अपना सिर ऊंचा रख सकती है। हमने बेहतरीन क्षमता दिखाई है और मुझे पता है कि अगला सीजन और भी बेहतर होगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली प्रीमियर लीग में पिछले कुछ दिनों से बारिश ने टूर्नामेंट का मजा खराब किया है। टूर्नामेंट में इन परेशानियों को देखकर यह साफ हो गया है कि नॉकआउट मैचों के लिए रिजर्व डे रखना कितना जरूरी है। अगर रिजर्व डे होता तो पुरानी दिल्ली 6 को फाइनल में जगह बनाने का मौका मिल सकता था।

# टेस्ट क्रिकेट का भविष्य खतरे में है : मुथैया मुरलीधरन



**नई दिल्ली।** श्रीलंका के महान स्पिन गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन ने बताया कि वह निश्चित रूप से टेस्ट क्रिकेट के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि इस फॉर्मेट में 800 विकेट लेने का उनका रिकॉर्ड कोई भी गेंदबाज नहीं तोड़ पाएगा। टेस्ट क्रिकेट में मुरलीधरन के बाद दूसरे सर्वश्रेष्ठ ऑफ स्पिनर ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन ( 530 विकेट ) और भारत के रविचंद्रन अश्विन ( 516 विकेट ) हैं। श्रीलंका के लिए 133 टेस्ट मैच खेलने वाले मुरलीधरन ने सोमवार को 'डेली मेल' से कहा, ₹मैं निश्चित रूप से टेस्ट क्रिकेट को लेकर चिंतित हूं। हर देश शायद केवल छह या सात टेस्ट मैच ही खेलेगा। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया एशेज खेल सकते हैं। लेकिन कुछ अन्य देशों में, बहुत से लोग इसे नहीं देख रहे हैं। बहुत कम टेस्ट क्रिकेट खेल जा रहा है। उन्होंने अपने 800 टेस्ट विकेटों के रिकॉर्ड पर कहा, इसे तोड़ना बहुत मुश्किल है, क्योंकि अब सबका ध्यान शॉर्ट-फॉर्मेट क्रिकेट पर चला गया है। साथ ही, हमने 20 साल तक खेला है। अब करियर छोटे हो गए हैं। मुरलीधरन ने 350 वनडे मैचों में 534 विकेट भी लिए हैं। उनका मानना है कि ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में जीत के कगार पर होने के बावजूद श्रीलंका ने श्रृंखला इसलिए गंवा दी क्योंकि उनके पास इस प्रारूप में खेलने के लिए आवश्यक निरंतरता नहीं थी। उन्होंने कहा, समस्या निरंतरता की है। इससे फर्क नहीं पड़ता कि खिलाड़ी कितने अच्छे हैं, क्योंकि वे सभी प्रतिभाशाली हैं। एकमात्र बात यह है कि वे कैसे अनुभवी बन सकते हैं? आजकल, यह मुश्किल है। उनके दिमाग में बहुत सारे टूर्नामेंट और चीजें हैं।

# भारत और बांग्लादेश के बीच का टेस्ट इतिहास

## जहां सिर्फ दो मैच हुए ड्रॉ, टीम इंडिया सभी में जीती



नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होने में सिर्फ 10 दिन का समय बचा है। भारतीय टीम जहां एक लंबे ब्रेक के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेगी तो वहीं बांग्लादेश ने हाल ही में दो मैचों की टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान को 2-0 हराया है। अब वह बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ भारत को उसकी धरती पर चुनौती देने आ रहे हैं। 19 सितंबर से चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम से शुरू होने जा रही सीरीज के रोमांचक होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार भारतीय टीम 12 सितंबर को चेन्नई में पहुंच जाएगी जहां चेपॉक में पांच दिन का कैंप होगा। दोनों देशों के बीच टेस्ट इतिहास का रिकॉर्ड 13 टेस्ट और करीब 24 साल पुराना है। भारत ने बांग्लादेश को टेस्ट मैचों में अभी तक हावी होने का कोई चांस नहीं दिया है। बांग्लादेश भारत के खिलाफ एक भी टेस्ट नहीं जीत पाया है। दोनों देशों के बीच साल 2001-01 में जब पहला टेस्ट मैच खेला गया था तब बांग्लादेश क्रिकेट का शिशु था और आज वह एक प्रतिद्वंदी टीम बन चुकी है। बांग्लादेश में हुए उस मैच में भारत को जीत मिली थी। इसके चार साल बाद 2004-05 में भारत ने फिर से बांग्लादेश की धरती पर मैच खेला। इस बार दो मैचों की सीरीज थी जिसमें मेजबान टीम का सूपड़ा साफ कर दिया गया था। इसके बाद 2007 और 2009-10 में भी लगभग यही कहानी दोहराई गई। हालांकि 2007 में भारत 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश को क्लीन स्वीप नहीं कर पाया था। भारत ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज 1-0 से जीती थी। सीरीज का पहला मैच ड्रा हुआ था। इसके बाद अगली टेस्ट सीरीज में भी भारत ने दो मैचों में बांग्लादेश का क्लीन स्वीप कर दिया था। इन दोनों देशों के क्रिकेट इतिहास में 2015 में हुई टेस्ट सीरीज हालांकि खास है। इस बार केवल एक ही मैच खेला गया था। बारिश से प्रभावित यह मुकाबला ड्रा रहा था और यह दोनों देशों के इतिहास की पहली टेस्ट सीरीज है जहां भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ जीत हासिल नहीं की थी।

# एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी : कोरिया ने पाकिस्तान को 2-2 से ड्रॉ पर रोका




**मोकी (चीन)।** एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे दिन सोमवार को कोरिया और पाकिस्तान के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। मैच के 60वें मिनट में कुछ सेकंड के अंतर पर तीन गोल हुए और कोरिया ने पाकिस्तान को 2-2 से ड्रॉ पर रोका। हन्नान शाहिद ने 60वें मिनट में लगातार दो गोल करके शानदार वापसी की और पाकिस्तान को 2-1 की बढ़त दिला दी, लेकिन खराब डिफेंस के कारण वह जीत से चूक गए। कोरिया ने अंतिम हूटर बजने से कुछ सेकंड पहले मैच का पासा पलट दिया। कोरिया के लिए जोंग-ह्यून ने 16वें और सुंगह्युन किम ने 60वें मिनट पर गोल दागा। शुरूआती क्वार्टर में पाकिस्तान ने कई मौके बनाए। युवा स्ट्राइकर हन्नान शाहिद और अहमद एजाज, जिन्होंने आज अपना 100वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला, वह टीम के आक्रमण के मुख्य कड़ी थे। पहले क्वार्टर के समाप्त होने में केवल पांच सेकंड बचे थे, तभी हन्नान ने गोल के लिए एक बेहतरीन शॉट लगाया, जिससे स्टेडियम में बैठे पाकिस्तानी समर्थकों की उम्मीदें बढ़ गईं, लेकिन कोरियाई गोलकीपर ने शानदार बचाव किया। पहले क्वार्टर में पाकिस्तान ने बॉल पर कब्जा जमाया, जबकि कोरियाई टीम दूसरे क्वार्टर में अधिक आक्रामक दिखी और आखिरकार, कोरिया की 1-0 की बढ़त ने पाकिस्तान को बैकफुट पर ला दिया। पाकिस्तान की निराशा तीसरे क्वार्टर में भी जारी रही, जब उनके फॉरवर्ड ने कई मौके बनाए लेकिन कोई भी गोल करने में सफल नहीं हो सका। इस क्वार्टर में उन्होंने दो पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किए, लेकिन इसे गोल में नहीं तब्दील कर पाए। दूसरी ओर, कोरियाई डिफेंस मजबूत था। पाकिस्तान के लिए अंतिम क्वार्टर तनावपूर्ण रहा, उन्होंने 23 से ज्यादा बार सर्कल में प्रवेश किया लेकिन गोल करने में सफल नहीं हुए। जब पाकिस्तानी प्रशंसक उम्मीद खो रहे थे, तभी हन्नान ने 60वें मिनट में अविश्वसनीय गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया और कुछ ही सेकंड के अंतराल में 2-1 की बढ़त ले ली। लेकिन 60वें मिनट में कोरिया के सुंगह्युन किम ने अंतिम हूटर बजने से सिर्फ चार सेकंड पहले एक आसान गोल किया और पाकिस्तान की लीड को समाप्त कर दिया। मैच के हीरो पाकिस्तान के हन्नान शाहिद ने कहा, ₹हमें खुशी है कि हम इस प्रयास से एक अंक अर्जित कर सके और इसके बदले तीन अंक नहीं गंवाए। जीत न पाना निराशाजनक था। हमने एक धीमी शुरूआत की और बहुत गलतियां कीं। मैच की शुरूआत में हमें बहुत सारे कार्ड मिले, जिसका हमें नुकसान उठाना पड़ा। हम और अधिक मेहनत करेंगे और जापान के खिलाफ अपने अगले मैच के लिए मजबूत वापसी करेंगे।

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने की संयुक्त बैठक, मौजूद रहे जलकल - जल निगम के अधिकारी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जल निगम अधिकारियों तथा जलकल विभाग अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से बैठक की। बैठक में सीवर संबंधित कई विषयों पर चर्चा हुई, जिसमें प्रमुख रूप से साहिबाबाद ड्रेनेज की व्यवस्था सुधारने, कड़कड़ मॉडल वार्ड 43 में सीवर लाइन डालने हेतु सर्वे करने, एमआरएफ की कार्रवाई में तेजी लाने तथा शहर में लगे हुए एसटीपी प्लांट की मॉनिटरिंग को प्रबल करने के लिए निर्देश दिए गए।

### साहिबाबाद ड्रेनेज व्यवस्था को सुधारने के लिए जल निगम एक सप्ताह में दे प्रस्ताव : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** महाप्रबंधक ने बताया कि नगर आयुक्त की अध्यक्षता में जलकल विभाग तथा जल निगम की संयुक्त बैठक हुई। सीवर समस्या के समाधान को लेकर प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा हुई। एनजीटी के आदेशानुसार कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में नगर आयुक्त ने साहिबाबाद ड्रेनेज व्यवस्था को सुधारने के लिए जलकल तथा जल निगम को एक सप्ताह में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी के साथ सीवर लाइन रिपेयर हेतु जल निगम को कार्यवाही में तेजी लाने के लिए कहा गया। एसटीपी का सही संचालन सुनिश्चित हो इसके लिए सीपीसीबी की टीम तथा जल निगम की संयुक्त टीम सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करे तथा ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से एसटीपी का सही संचालन हो निर्देश दिंए गए।

### प्राप्त याचिकाओं के आधार पर आयुक्त ने दिए निर्देश

**करंट क्राइम।** बैठक में नगर आयुक्त ने प्राप्त याचिकाओं के आधार पर वार्ड संख्या 43 कड़कड़ में सीवर लाइन डालने हेतु कार्यवाही करने के लिए भी निर्देशित किया गया जिसके लिए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव तथा जोनल प्रभारी वसुंधरा एसके राय को भी कड़कड़ मॉडल वार्ड संख्या 43 में सर्वे करने के निर्देश दिए। सर्वे के उपरांत सीवर लाइन डालने की कार्यवाही को प्रारंभ कराए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जल निगम के मुख्य अभियंता आरके पंकज, अधिशासी अभियंता व अन्य टीम उपस्थित रही। जलकल विभाग से महाप्रबंधक जल, अधिशासी अभियंता कामाख्या प्रसाद आनंद व अन्य टीम उपस्थित रही।

# तहसील बार एसोसिएशन में भाजपा का सदस्यता अभियान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद संजीव शर्मा व पूर्व भाजपा महानगर संयोजक सरदार एसपी सिंह ने सोमवार को तहसील बार एसोसिएशन में भाजपा की सदस्यता के लिए बार अधिकारियों से सम्पर्क किया व उनको मिस्ड काल के जरिए भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर बार के अध्यक्ष योगेश त्यागी, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, कमल कुमार, पंकज शर्मा, अशोक कुमार वर्मा, पूर्व अध्यक्ष विकास त्यागी, पूर्व सचिव दीपक वार्ष्णेय, अमित त्यागी, शंकर सिंह, कमल सिंह, विनोद गौतम, पवन राय, शैलेंद्र त्यागी, विजय प्रताप आदि उपस्थित रहे।




### चाय विद सीएम तो पहले भी दस भाजपाईयों की ठंडी हो गई थी

वैसे तो सभी के अनुभव तकरार वाले ही हैं और इस तकरार वाली बरसात में ऑफर टी विद सीएम आ गया है। पुराने फूल तो अब कूल होकर स्टे होम वाली अदांज में हैं। वो दावेदारी वाले सीन में भी वर्क फ्राम होम ही चल रहे हैं। पता चला कि जो सबसे ज्यादा मिस्ड काले लगवायेगा वो ही महाराज के साथ चाय पीने का मौका पायेगा। किस्सा फूल वाले दल में चला और चाय का जिक्र आते ही पुराने जख्म उभर आये। बताया गया कि फिर कोई अफसर चाय पिलायेगा और अहसान जतायेगा। पुराने भाजपाई ने कहा कि आप कुछ भी कहो लेकिन वो तो हम थे जो सीएम से मिलने गये थे और डीएम को चाय के पैसे का भुगतान भी कर आये थे। ये तो मिस्डकाल ही लगवायेगें और अगर चाय बाबा के इतंजार में ठंडी हो भी गई तो कोई गर्म रिएक्शन दिखा भी नही पायेगें। कहने वाले ने कहा कि गाजियाबाद में ऐसे संयोग बनते नही हैं वैसे लखनऊ बुलाकर पिला दे तो बात अलग हैं। यहां वरिष्ठ भाजपाईयों में तो गुरू जी से लेकर डाक्टर साहब तक गये थे और इतंजार करने के बाद उनकी भी चाय विद सीएम पहले भी ठंडी हो गई थी।

### जीडीए अफसर के कमरे में फिर आ गया मुलाकात वाला पंच

इंदिरापुरम वाले फूल पार्षद जंग तो मिलकर लड़ रहे थे लेकिन जब जीत का एलान होना हैं तो वो अलग अलग चल रहे हैं। 100 नबंर वाले एक तरफ और चार पार्षद विद पार्षद हसबैंड अपना बैंड अलग ही लेकर चल रहे हैं। 100 नबंर वाले तेज चल रहे हैं और वो सारा क्रेडिट ही अफसरों को दे रहे हैं। वो सबसे पहले मेरठ पहुंचे और मेरठ वालों से लेकर गाजियाबाद वाले अफसरों को पता नही किस बात की बधाई दे रहे थे। सोमवार को फिर से मुलाकात का पंच जीडीए में दिखाई दिया। नदियापार से 100 नबंर वाले सिंह साहब लंच से पहले अफसर के कमरे में पधारे। उस समय निगम वाले चीफ साहब भी वहीं थे और टवीस्ट ये है कि फिर से सीन आगे पीछे वाला हो गया। 100 नबरं वाले जैसे ही साहब के कमरे से निकले फिर ठीक पांच मिनट बाद वो चार भी आ गये। देखने वाला था ये पांच मिनट का अतंराल और एक प्लस चार की चाल।

### हमारी लड़ाई लड़ो नेता जी ये बैनर तो हम भी पकड़ लेगें

अफसर के हुक्म से ईरिक्शा वाले परेशान हैं। उन्हे फरमान सुनाया गया है कि इस रोड से लेकर उस रोड तक तुम नही आ सकते। सरकार वाले खामोश हैं और रोजगार पर सकंट आ गया। एक हाथ वाले लीडर हिमायत में आये और बैनर लेकर खड़े हुये। फोटो खिचंवाये और चले गये। अब ई रिक्शा वाले भी जानते है कि लड़ाई कौन लड़ेगा उन्हे विपक्ष से उम्मीद हैं लेकिन वो इस बैनरबाजी से नाराज हैं। उनका कहना है कि हाथ वाले आयें या हाथी वाले आयें लेकिन हमारा सिर्फ इतना कहना है कि हमारी रोजी रोटी पर सकंट आ गया है। हमारी लड़ाई लड़ो नेता जी ये बैनर तो हम भी पकड़ लेगें।

# 'श्री राधा जन्म बधाई रथ यात्रा' और 'श्री राधा जन्म षष्टी बधाई महोत्सव' आमंत्रण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विगत 23 वर्षों की भांति पारम्परिक 'श्री राधा जन्म बधाई रथ यात्रा' बुधवार को स्थानीय कालका गढ़ी चौक से आरम्भ होकर मालीवाड़ा चौक, डासना गेट, चोपला मंदिर से होते हुए घंटाघर स्थित बड़े हनुमान मंदिर पर पूर्ण होगी। इसी कम में 'श्री राधा जन्म षष्टी बधाई महोत्सव' 17 सितंबर 2024 को स्थानीय लोहिया नगर स्थित अग्रसेन भवन में पूर्ण भाव के साथ मनायी जायेगी।

उपरोक्त आयोजनों के निमित सभी प्रशासनिक अनुमति आयोजकों द्वारा पूर्व में प्राप्त कर ली गयी है। उत्सवों में गाजियाबाद के सभी अध्यात्मिक, धार्मिक, प्रशासनिक, सामाजिक एवं राजनीतिक महानुभावों का आगमन होगा। उत्सव में सम्मानित अतिथियों, प्रबुद्ध वर्ग एवं पत्रकार बंधुओं के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था होगी। श्री बाँके बिहारी संकीर्तन मण्डल गाजियाबाद आप सभी मीडिया संस्थानों के माध्यम से गाजियाबाद एवं आसपास के सभी सम्मानित धर्मावलंबियों से करबद्ध अनुरोध करता है कि उत्सव में पधारकर 'श्री राधा नामरस संकीर्तन' का आनंद प्राप्त करें। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष हृदय नारायण खत्री, संरक्षक प्रेमचन्द गुप्ता, पवन जिंदल, राज कौशिक, प्रमुख सेवक संजीव रहेजा, राकेश बेदी, जोगेन्द्र सहगल, गौरव भटनागर, बब्बन यादव, सौरभ यादव, वरुण लूथरा, गौरव सिंघल, ब्रजेश कुमार एवं संजय रैना उपस्थित रहे।

# पांच दिन पूर्व हुई हत्या का खुलासा, दो हत्यारों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी बॉर्डर थाना पुलिस को 3 सितंबर को खाली पड़े प्लाट में सड़ा-गला शव मिला था। डीसीपी सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि मृतक के पिता हयदेश ने पुलिस को अपने पुत्र तरुण की हत्या कर शव को खंडहर में फेंकने की अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस हत्यारों की तलाश में थी कि इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि दो संदिग्ध व्यक्ति उसी स्थान पर खड़े हैं जहां पर तरुण का शव मिला था पुलिस कई एंग्लो से हत्या का खुलासा करना चाह रही थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचकर दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने अपने नाम अजय कुमार एवं ईशु राजपूत बताए दोनों दोस्त हैं एवं तरुण के हत्यारे निकले। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# चिकित्सक ने गार्ड की बेरहमी से कर दी पिटाई

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के गांव बसंतपुर सैतली स्थित लैंडक्राफ्ट मैट्रो होम्स सोसायटी में बिना स्टीकर लगी कार को रोकना एक गार्ड को काफी महंगा पड़ा। कार सवार युवक ने गार्ड की बेरहमी से पिटाई कर दी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि ब्यूरो प्रमुख वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मारपीट करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

# दो वाहन चोर गिरफ्तार

**लोनी, करंट क्राइम।** पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। एसीपी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि आरोपियों से बरामद बाइक पांच छह दिन पूर्व दिल्ली के जीटीबी अस्पताल से चोरी की गई थी। आरोपियों ने अपने नाम हरिओम और योगेश बताए हैं।

# मार्गदर्शक दीपों का सम्मान : एसआरएम दिल्ली-एनसीआर कैंपस में शिक्षक दिवस समारोह



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के दिल्ली-एनसीआर कैंपस में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्ज्वलन से की गई। संस्थान के निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन ने 'शिक्षक : प्रगति के स्तंभ, प्रतिभा के प्रतीक' पर एक प्रेरक भाषण दिया। 'सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार 2024' का वितरण किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। समारोह के समापन पर एसआरएम आईएसटी के निर्देशक डॉ. एस. विश्वनाथन, डीन डॉ. आर.पी. महापात्रा, डीन साइंस एंड ह्यूमैनिटीज डॉ. नवीन अहलावत, डीन एफएमएस डॉ. एन.एम. मिश्रा, डीन आईक्यूएसी, डॉ. धौम्या भट्ट को धन्यवाद दिया गया।




## आखिर मिल ही गया पीआरओ को इनाम

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में आखिरकार बीते दिनों सिटी जोन के कुछ टू-स्टारों की लिस्ट के बाद कई चीजे आईने की तरह साफ हुई हैं। सबसे पहली बात की विभाग में बेहतर कार्य करने वालों को मौका अवश्य मिलता है। तो वहीं कार्य करने वालों को ही दोबारा से मौके भी मिलते हैं। वहीं देखा गया है कि पुलिस कमिश्नरेट वाले अधिकारियों ने फिर एक बार अपने कुछ टू-स्टारों पर भरोसा जताते हुए, उन्हें खास कार्यालय में भेजा गया है। उनको दोबारा से मौका भी दिया गया है। उनकी चौकी वाली पारी भी बढ़िया बताई जाती है। तो वहीं इससे पहले जब वह सिटी वाले साहब के पब्लिक रिलेशन ऑफिसर रहे हैं। तो उनका अलग ही अंदाज भी रहा है। बताया जा रहा है कि गुड वर्किंग और मीडिया के लोगों के बीच बेहतर तालमेल का ही नतीजा है कि फिर अधिकारियों ने उनपर दोबारा से भरोसा जताया है। तो वहीं खास कार्यालय से जुड़े एक और पब्लिक रिलेशन ऑफिसर पर चौकी वाली कृपा भी हो गई है। वह पीआरओ की भूमिका लंबे समय से सिटी में अपनी जिम्मेदारी संभाल रहे थे। हालांकि उनके अनुभव ज्यादा जोरदार नहीं रहे हैं पर खास साहब के साथ रहने का लाभ उस टू-स्टार को अवश्य मिलकर पाया है। वहीं कई ऐसी चौकी जो टेंशन वाली मानी जाती हैं, वहां पर नए फेस भेजे गए हैं। सिटी के अंतर्गत आने वाले तीनों सर्किल में कई ऐसी खास चौकी पर नए फेस पहुंचे हैं, तो कई पुराने फेस थानों पर अटैक कर दिए गए हैं। सुनने में आया है कि 2015 बैच जो अंडर ट्रांसफर है वो जाने के प्रयास में था पर उनको होल्ड पर रखा गया है जिसके चलते कुछ ने जिम्मेदारी वाली पोस्टिंग से थोड़े हाथ भी पीछे कर लिए हैं। कुल मिलाकर मामला पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इस बार पब्लिक रिलेशन ऑफिसर को लेकर ज्यादा ही चर्चा में आया है। कहा जा रहा है कि आखिरकार पब्लिक रिलेशन ऑफिसर को इनाम मिल ही गया, अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ही चर्चा है पूर्व वाले या वर्तमान वाले को लेकर चल रही है। वैसे यह तो पुलिस के कर्मचारी ही बता सकते हैं लेकिन इन दोनों पब्लिक रिलेशन ऑफिसर की टीआरपी बताई जा रहे हैं। उधर सिटी में जो 18 टू-स्टारों के प्लेस और फेस चेंज किए गए हैं इसका असर आने वाले दिनों की पुलिसिंग व्यवस्था में भी देखने को मिलेगा। देखना होगा कि कमिश्नरेट में यह पॉजिटिव रहता है या नेगेटिव।




# आईएएमआर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया वर्ल्ड फिजियोथैरेपी डे




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हर साल की तरह इस बार का भी वर्ल्ड फिजियोथैरेपी डे बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस बार यह आयोजन दहाई स्थित आईएएमआर कॉलेज में 7 सितंबर 2024 को मनाया गया। जिसमें आईएपी जिला गाजियाबाद ब्रांच तथा वूमेन सेल का भी योगदान रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आईएपी के प्रेसिडेंट डॉ. संजीव कुमार झा, कोषाध्यक्ष डॉ. रुचि वार्ष्णेय एवं अध्यक्ष आईएएमआर अंशु बंसल रहे। गणमान्य अतिथियों में संजय बंसल सचिव आईएएमआर, डॉ. पीके वशिष्ठ निदेशक आईएएमआर, डॉ. जोजी जॉन निदेशक फिजियोथैरेपी विभाग यशोदा अस्पताल, डॉ. दिनेश संमुझ विभागाध्यक्ष फिजियोथैरेपी विभाग मेट्रो हॉस्पिटल मौजूद रहे।

### फिजियोथैरेपी थीम लो बैक पेन पर आधारित रही

यह दिन वैश्विक फिजियोथैरेपी समुदाय की एकता और अखंडता का प्रतीक है। यह फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा अपने रोगियों और समुदाय के लिए किए गए काम को मान्यता देने का अवसर है। इस अवसर पर 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में लेक्चर, रंगारंग कार्यक्रम, पैनल चर्चा, रैंप वॉक आदि सम्मिलित रहे। इस बार फिजियोथैरेपी थीम लो बैक पेन रही। इस कार्यक्रम की आयोजक डॉक्टर पवन सैनी, डॉ. सुमित कालरा, डॉ. मोनिका शर्मा, डॉ. गुरुचरण, डॉ. सचिन गंगवार, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. वैशाली, डॉ. मानसी आदि रहे। कार्यक्रम में आईएमआर कॉलेज के बच्चों ने बहुत सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां दीं तथा समाज को नारी सुरक्षा के प्रति संदेश भी दिया। आयोजन समिति ने भी भरपूर प्रयास से कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर डॉ. हूमा, डॉ. तुषार, डॉ. अमित, डॉ. गौरव, डॉ. मनीष, डॉ. निक्की, डॉ. श्वेता, डॉ. अतुल, डॉ. अंकुर, डॉ. वैशाली, डॉ. दीपक, डॉ. जसदीप, डॉ. धीरज, डॉ. अंशिका, डॉ. गौतम, डॉ. अनिल, डॉ. मांसी, डॉ. निष्ठा, डॉ. सत्येंद्र, डॉ. जितेंद्र आदि डॉक्टर शामिल रहे।

# इंदिरापुरम हैंडओवर पर पार्षदों ने नगर आयुक्त का किया धन्यवाद, क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर बनाई कार्य योजना



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम हैंडओवर के उपरांत पार्षदों के साथ-साथ क्षेत्रीय निवासियों में भी उत्साह देखा जा रहा है। क्षेत्रीय पार्षद संजय सिंह, प्रीति जैन, अनिल तोमर, हरीश, धीरज अग्रवाल, अनुज त्यागी, राधेश्याम त्यागी ने गाजियाबाद नगर निगम का धन्यवाद किया तथा कई पार्षदों ने नगर आयुक्त से मुलाकात की। इंदिरापुरम क्षेत्र में भी विकास कार्य समान रूप से हों कार्य योजना बनाई गई।

### इंदिरापुरम के सातों वार्डों में होगा समान विकास : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा, अन्य वार्डों के साथ-साथ इंदिरापुरम के सातों वार्डों में भी समान रूप से कार्य प्रारंभ किए जाएंगे इसके लिए अभी तैयारी चल रही है। निर्माण विभाग, उद्यान विभाग, जलकल विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा प्रकाश विभाग को नगर आयुक्त ने इंदिरापुरम क्षेत्र में कार्य प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया तथा किस क्रम में कार्य प्रारंभ करने हैं कार्य योजना बनाई जा रही है। उपस्थित पार्षदों का नगर आयुक्त ने उत्साह बढ़ाते हुए क्षेत्र में जन-जन को गाजियाबाद नगर निगम की योजनाओं के बारे में जागरूक करने के लिए भी कहा। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों में जिस प्रकार विभागीय कार्रवाई होती है। उसी क्रम में अब इंदिरापुरम के सभी क्षेत्रों में गाजियाबाद नगर निगम की कार्यवाही शीघ्र ही प्रारंभ होगी इसके लिए कार्य योजना बनाई जा रही है। वार्ड संख्या 57,79,81,87 98,99, व 100 के क्षेत्रवासियों से भी इंदिरापुरम हैंडओवर के बाद गाजियाबाद नगर निगम को धन्यवाद मिल रहा है।

# स्वर्णकार समाज की बैठक सम्पन्न



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** स्वर्णकार समाज मोदीनगर की अहम बैठक ग्राम बुदाना में सैकड़ों स्वर्णकार बंधुओं की उपस्थिति में संपन्न हुई। ग्राम बुदाना में स्वर्णकार समाज मन्दिर के निकट चतर सिंह की हवेली के प्रांगण में आयोजित बैठक की शुरुआत समाज के आदिपुरुष, आराध्य अजमीढ़ महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के उपरांत हुई। सभी स्वर्णकार बंधुओं ने बढ़-चढ़कर अपने विचार रखे। निर्णय लिया गया कि जल्दी ही समाज के वरिष्ठ व उच्चपदस्थ नागरिकों के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जिसमे समाज के विधायक, सांसद, आईपीएस व आईएएस मौजूद रहेंगे। बैठक में मुख्यतः एड. अरुण वर्मा, अनिल वर्मा, सचिन वर्मा, वरुण सोनी, मोहित सोनी, विष्णु वर्मा, रामपाल वर्मा, ब्रजमोहन वर्मा, मोंटी वर्मा, अंकित वर्मा, केशरपाल वैध स्वर्णकार बुजुर्ग व युवा मानुभाव उपस्थित रहे। बैठक में विष्णु वर्मा व ब्रजमोहन वर्मा का विशेष सहयोग रहा।

# 'मानवता की ओर एक कदम' ट्रस्ट ने जनहित वर्ल्ड स्कूल में लगाया 99वां निशुल्क हेल्थ मेला शिविर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद गोविंदपुरम मधुबन-बापूधाम, मटियाला स्थित जनहित वर्ल्ड स्कूल के कैंपस में सामाजिक कार्यों में अग्रणी सामाजिक संस्था मानवता की ओर एक कदम ट्रस्ट एवं जनहित वर्ल्ड स्कूल के तत्वाधान में 99वां निशुल्क हेल्थ मेला शिविर का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में विवेक त्यागी क्लाउड 9, राष्ट्रीय व्यापार मंडल के उत्तर प्रदेश प्रभारी, विशिष्ट मुख्य अतिथि रिंकेश त्यागी डायरेक्टर हिरनोट ग्रुप, राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल पंडित अशोक भारतीय ने दीप प्रज्ज्वलित कर निशुल्क हेल्थ कैंप का श्रीगणेश किया। इस आयोजन में जाने-माने डॉ. रजत कपूर फिजिशियन, डॉ. नितिन कुमार गुप्ता हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्रभात भारद्वाज बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ. दीपांकर मिश्रा दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ. नीतू चौधरी एक्यूप्रेशर, नेचुरोपैथी एवं फिजियोथैरेपिस्ट, सुनेंत्र आई सेंटर, एस.डी. डायग्नोस्टिक सेंटर पैथलेब ने मेडिकल सेवा प्रदान की। स्कूल की प्रधानाचार्या अरुणिमा रघुवंशी तथा एचआर मैनेजर मिस ज्योति मानवता की ओर एक कदम ट्रस्ट के संस्थापक डॉ राजीव त्यागी 'राज' तुलसी पुरुष, शिक्षाविद सभी का आभार व्यक्त किया। मानवता की ओर एक कदम के वरिष्ठ पदाधिकारी आलोक त्यागी भैयाजी, डॉ संजीव त्यागी, डॉ. निलेश गुप्ता, छोटेलाल कनौजिया, सुशील सक्सेना, शैलेंद्र बाबा, रीना त्यागी, के.के. त्यागी, चंदर भारद्वाज, आर.एस. तिवारी, रॉबिन तेवतिया ने कैंप में अपना सहयोग दिया।

# खेत में दंपत्ति और भतीजे के साथ मारपीट की



**लोनी, करंट क्राइम।** खेत में काम रहे दंपत्ति और उनके भतीजे के साथ अज्ञात बदमाशों ने मारपीट की तथा उन्हें भाग जाने के लिए कहा। पीडितों ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। खरखडी गांव निवासी ऋतिक ने बताया कि रविवार को वह अपनी बुआ रेखा और फू फा बिजेन्द्र के साथ खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान चार अज्ञात बदमाश आए और उनके साथ जमकर मारपीट करने बाद कहा कि अगर तुम यहां से नही भागे तो तुम्हे जान से मार दिया जाऐगा।

# यागी तूफान : पुल ढहने के कारण अब तक 59 की मौत

## 20 लोगों को लेकर जा रही यात्री बस बाढ़ में बही, 30 लाख से अधिक लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर

**हनोई।** वियतनाम में तूफान यागी के कारण आई बाढ़ से सोमवार को एक पुल ढह गया, जिसकी वजह से बस बह गई। देश के उत्तरी क्षेत्र में कम से कम 59 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वियतनामी अधिकारियों द्वारा पिछले दशक में इस क्षेत्र में आए सबसे शक्तिशाली तूफानों में से एक माने जा रहे यागी के कारण उत्तरी वियतनाम में 30 लाख से अधिक लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं।

देश में शनिवार को आए तूफान के कारण नौ लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण 50 लोगों की मौत हो गई थी। उत्तरी वियतनाम में कई नदियों का जल स्तर खतरनाक स्तर से ऊपर था।



पहाड़ी काओ बांग प्रांत में सोमवार सुबह भूस्खलन से 20 लोगों को लेकर जा रही एक यात्री बस बाढ़ में बह गई। बचावकर्मियों को तैनात किया गया था, लेकिन भूस्खलन ने उस रास्ते को अवरुद्ध कर दिया जहां घटना हुई थी।

फु थो प्रांत में सोमवार सुबह लाल नदी पर बने एक स्टील के पुल के ढह जाने के बाद बचाव अभियान जारी है। खबरों में कहा गया है कि दो मोटरसाइकिलों के साथ-साथ 10 कारें और ट्रक भी नदी में गिर गए। तीन लोगों को नदी से बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया, लेकिन 13 अन्य लापता थे।




**दशकों में सबसे शक्तिशाली तूफान यागी :** वियतनाम में 149 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाला यागी तूफान दशकों में सबसे शक्तिशाली तूफान था। रविवार को यह कमजोर होकर उष्णकटिबंधीय दबाव में बदल गया, लेकिन देश की मौसम विज्ञान एजेंसी ने अभी भी चेतावनी दी है कि लगातार बारिश से बाढ़ और भूस्खलन हो सकता है।

चावल के खेतों और पहाड़ों के लिए मशहूर लोकप्रिय ट्रेकिंग बेस सा पा शहर में रविवार को भूस्खलन में एक शिशु सहित छह लोगों की मौत हो गई थी और नौ अन्य घायल हो गए थे। कुल मिलाकर, राज्य मीडिया ने सप्ताहांत से 21 मौतों और कम से कम 299 लोगों के घायल होने की सूचना दी।



**उखड़े हुए पेड़ों, गिरे हुए होर्डिंग और बिजली के खंभों को साफ किया :** राजधानी हनोई में आसमान में बादल छाए हुए थे और सोमवार सुबह बारिश हुई और श्रमिकों ने उखड़े हुए पेड़ों, गिरे हुए होर्डिंग और बिजली के खंभों को साफ किया। उत्तर-पश्चिमी वियतनाम में भारी बारिश जारी है और पूर्वानुमानकर्ताओं ने कहा कि यह स्थानों में 40 सेंटीमीटर (15 इंच) से अधिक हो सकता है। शुरूआत में क्वांग निन्ह और हैफोंग प्रांतों में कम से कम 30 लाख लोगों को बिना बिजली के रहना पड़ा था और यह स्पष्ट नहीं है कि कितनी बिजली बहाल की गई है।

### शख्स ने सुनाई आपबीती

50 वर्षीय फाम ट्रूंग सोन ने बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल से पुल से गुजर रहे थे, तभी जोरदार आवाज सुनी। इससे पहले वह कुछ समझ पाते कि क्या हो रहा वह नदी में जा गिरे। उन्होंने कहा कि उन्हें लगा था कि वह नदी डूब गए और अब नहीं बचेंगे। हालांकि, वह तैरना जानते थे इसलिए तैरते और बहते हुए एक केले के पेड़ से जा टकराए। उन्होंने कहा कि जब तक बचावकर्मी नहीं पहुंचे तबतक मैं वही पेड़ पकड़े खड़ा रहा।

---

### अमेरिका दौरे पर गए कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बोले-

# 'मेरी भूमिका भारतीय राजनीति में प्यार, सम्मान और विनम्रता लाने की'

**राहुल ने प्रवासी भारतीयों से कहा कि मुझे लगता है कि हमारी राजनीतिक प्रणाली और सभी दलों में प्रेम, सम्मान और विनम्रता की कमी है।**

**डलास।** अमेरिका दौरे पर गए राहुल गांधी ने रविवार को भारत की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की जमकर आलोचना की। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि विपक्षी नेता के रूप में उनकी भूमिका भारतीय राजनीति में प्यार, सम्मान और विनम्रता के मूल्यों को समाहित करवाना है। वे डलास (टेक्सास) में आयोजित एक भारतीय प्रवासी कार्यक्रम में बोल रहे थे।

रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल ने कहा कि भले ही वह समझते हैं कि उनकी जिम्मेदारी सरकार को हर समय जवाबदेह ठहराना, संसद में सरकार का विरोध करना और उन्हें तानाशाही नहीं चलाने देना है, लेकिन उनकी वास्तविक भूमिका इससे कहीं अधिक व्यापक है। राहुल ने प्रवासी भारतीयों से कहा कि मैं आपको बताना चाहता हूं कि मेरा मानना है कि मेरी भूमिका भारतीय राजनीति में प्यार, सम्मान और विनम्रता के मूल्यों को शामिल करना है। मुझे लगता है कि हमारी राजनीतिक प्रणाली और सभी दलों में प्रेम, सम्मान और विनम्रता की कमी है।




राहुल गांधी ने विपक्ष के नेता के रूप में पहली बार अमेरिका का दौरा किया, इस दौरान उन्होंने टेक्सास विश्वविद्यालय के छात्रों से भी बातचीत की। वे अमेरिकी सांसदों से भी मुलाकात कर सकते हैं। पिछली बार उन्होंने अमेरिका की यात्रा 30 मई, 2023 को की थी। तब उन्होंने प्रवासी भारतीयों और अन्य लोगों से बातचीत की थी।

राहुल गांधी की यह यात्रा इसलिए अहम है, क्योंकि अमेरिका में इसी साल राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। यहां कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर है। राहुल की यह यात्रा जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और महाराष्ट्र में महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों से पहले हो रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने 4 जून को संपन्न हुए 18वें लोकसभा चुनाव में 543 में से 99 सीटें जीतने के बाद अपने राजनीतिक करियर में पहली बार विपक्ष के नेता का संवैधानिक पद संभाला था। प्रवासी सदस्यों को संबोधित करते हुए राहुल ने बताया कि अगले पांच वर्षों में उनकी क्या रणनीति होगी। राहुल ने कहा कि अगर आप मुझसे पूछें कि आज से पांच साल बाद क्या आप खुद को सफल मानते हैं?

मैं इन तीन चीजों पर गौर करूंगा। क्या मैंने भारतीय राजनीति में प्रेम के विचार को सबसे आगे लाने में मदद की है? क्या मैंने राजनेताओं और अन्य लोगों और विशेष रूप से खुद को अधिक विनम्र बनाने में मदद की है?

---

# रियाद में सऊदी और कतर के विदेश मंत्रियों से मिले जयशंकर, द्विपक्षीय संबंधों पर हुई चर्चा

**रियाद।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को सऊदी अरब और कतर के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। इस दौरान सभी ने द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति का जायजा लिया और उन्हें और बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा की। बता दें कि एस. जयशंकर रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर सऊदी अरब की राजधानी पहुंचे, जहां वे पहली भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे।

### सऊदी अरब के विदेश मंत्री से मुलाकात

उन्होंने सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति पर चर्चा की। जिसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज रियाद में सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान से मिलकर प्रसन्नता हुई। हमारे द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति का जायजा लिया और वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। भारत में उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं।



**कतर के प्रधानमंत्री से भी द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा :** वहीं एस. जयशंकर ने कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से भी मुलाकात की, जो विदेश मंत्री का कार्यभार भी संभाल रहे हैं। इस मुलाकात पर उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अल थानी के साथ अच्छी बैठक के साथ दिन की शुरूआत की। भारत-कतर द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। क्षेत्रीय विकास पर उनकी अंतर्दृष्टि और आकलन की सराहना की।

**जीसीसी सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ करेंगे बैठकें :** रियाद में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के कई अन्य जीसीसी सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी उम्मीद है। जीसीसी एक प्रभावशाली समूह है, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, सऊदी अरब, ओमान, कतर और कुवैत शामिल हैं। वित्त वर्ष 2022-23 में जीसीसी देशों के साथ भारत का कुल व्यापार 184.46 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा। वहीं यात्रा से पहले, विदेश मंत्रालय ने शनिवार को नई दिल्ली में कहा कि भारत और जीसीसी के बीच व्यापार और निवेश, ऊर्जा, सांस्कृतिक और लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्रों सहित गहरे और बहुआयामी संबंध हैं। जयशंकर अपनी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में यहां आए हैं।

---

### राहुल गांधी ने संघ और पीएम पर जमकर बोला हमला, कहा-

# चुनाव नतीजे आते ही डर कम हुआ



**भारत-पश्चिमी देश बेरोजगारी से जूझ रहे, इसकी वजह उत्पादन का चीन की ओर चला जाना - राहुल गांधी**

**वाशिंगटन।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस समय अमेरिका के दौरे पर हैं। रविवार को उन्होंने टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत की। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा।

राहुल गांधी ने कहा, ह्यआरएसएस का मानना है कि भारत एक विचार है। वहीं हमारा मानना है कि भारत विचारों की बहुलता है। हमारा मानना है कि सभी को भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए, सपने देखने की अनुमति दी जानी चाहिए और उनकी जाति, भाषा, धर्म, परंपरा या इतिहास की परवाह किए बिना उन्हें जगह दी जानी चाहिए। ये लड़ाई है और ये लड़ाई चुनाव में तब और स्पष्ट हो गई जब भारत के लाखों लोगों ने स्पष्ट रूप से समझ लिया कि भारत के प्रधानमंत्री भारत के संविधान पर हमला कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, ह्यमैंने आपसे जो भी कहा है, वह सब संविधान में है। आधुनिक भारत की नींव संविधान है। चुनाव में लोगों ने जो स्पष्ट रूप से समझा और मैंने देखा कि जब मैं संविधान का मुद्दा उठाता था, तो लोग समझते थे कि मैं क्या कह रहा था। वे कह रहे थे कि भाजपा हमारी परंपरा पर हमला कर रही है, हमारी भाषा पर हमला कर रही है, हमारे राज्यों पर हमला कर रही है, हमारे इतिहास पर हमला कर रही है।

उन्होंने आगे कहा, ह्यसबसे महत्वपूर्ण बात, उन्होंने जो समझा वह यह था कि जो कोई भी भारत के संविधान पर हमला कर रहा है, वह हमारी धार्मिक परंपरा पर भी हमला कर रहा है।

---

# इमरान खान को रिहा करने की मांग

## इस्लामाबाद में पुलिसकर्मियों पर पथराव, कई सुरक्षाबल घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को रिहा करने की मांग की जा रही है। इमरान खान के राजनीतिक दल- पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों ने इमरान खान की 'तत्काल रिहाई' की मांग करते हुए पंजाब प्रांत में आंदोलन शुरू करने के संकेत दिए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक पीटीआई रैली खत्म होने की समय सीमा पूरी होने के बाद किसी भी अप्रिय घटना से सख्ती से निपटने के लिए स्थानीय पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है।

पाकिस्तान के जियो न्यूज से आई रिपोर्ट के मुताबिक पीटीआई की रैली में शामिल इमरान खान के समर्थक समय सीमा समाप्त होने के बावजूद सड़क पर लगाए गए अवरोधों को धता बताते हुए काफिला लेकर इस्लामाबाद पहुंच गए। कुछ खबरों में प्रदर्शनकारियों के उग्र होने की सूचना भी है। खबर के मुताबिक पीटीआई कार्यकर्ताओं ने इस्लामाबाद पुलिस पर पथराव किया, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शोएब खान सहित कई सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।



रिपोर्ट के मुताबिक पीटीआई की रैली में शामिल इमरान खान के समर्थक समय सीमा समाप्त होने के बावजूद सड़क पर लगाए गए अवरोधों को धता बताते हुए काफिला लेकर इस्लामाबाद पहुंच गए।

---



# कोलकाता हत्याकांड को लेकर 25 देशों में प्रदर्शन

## 130 से अधिक शहरों से लगाई गई न्याय की गुहार

**विशेष।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में महिला डॉक्टर की निर्मम हत्या को लेकर रविवार को भारतीय समुदाय के हजारों लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन 25 देशों के 130 से अधिक शहरों में किया गया। वे पिछले महीने अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या मामले में न्याय की मांग कर रहे थे। जापान, ऑस्ट्रेलिया, ताइवान और सिंगापुर से शुरू हुए विरोध प्रदर्शन यूरोपीय देशों के कई शहरों तक पहुंचे। अमेरिका में 60 से ज्यादा जगहों पर भारतीय समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन किया। दरअसल, 9 अगस्त को चेस्ट मेडिसिन की 31 वर्षीय स्नातकोत्तर छात्रा की हत्या के बाद भारत में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन हुए। बंगाल में डॉक्टर्स आज भी प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी सिलसिले में दुनिया भर में मौजूद भारतीय समुदाय के लोगों ने पीड़िता के लिए न्याय की मांग की।

**जापान, ऑस्ट्रेलिया, ताइवान और सिंगापुर से शुरू हुए विरोध प्रदर्शन यूरोपीय देशों के कई शहरों तक पहुंचे।**

स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में हुए एक विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से काले कपड़े पहने कई महिलाएं बंगाली में गाने गाते देखी गईं। उन्होंने अपराध के लिए जवाबदेही और भारतीय महिलाओं की सुरक्षा की मांग करते हुए तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। सभी सर्जेल्स टॉर्ग स्क्वायर में एकत्र हुईं।

दीप्ति जैन ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात एक युवा प्रशिक्षु डॉक्टर पर किए गए इस जघन्य अपराध की खबर ने हम सभी को स्तब्ध कर दिया है। इस निर्दयता, क्रूरता और मानव जीवन की उपेक्षा से हम सभी स्तब्ध हैं। ब्रिटिश नागरिक और कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की पूर्व छात्रा दीप्ति ने पिछले महीने ब्रिटेन में महिला डॉक्टरों के विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया था।

पीठ ने कहा कि सीबीआई ने स्थिति रिपोर्ट जमा की है जिससे लगता है कि जांच प्रगति पर है। हम सीबीआई को नई स्थिति रिपोर्ट जमा करने का निर्देश देते हैं। हम सीबीआई को उसकी जांच पर गाइड नहीं करना चाहते। मेहता ने पीठ से कहा कि सीबीआई ने फोरेंसिक नमूने आगे जांच के लिए एम्स भेजने का फैसला किया है।

---

# 'बराबरी-निष्पक्षता पर आधारित हों भारत-बांग्लादेश के रिश्ते' : मो. यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने रविवार को कहा कि उनका देश भारत के साथ अच्छे रिश्ते बनाए रखना चाहता है और यह रिश्ते बराबरी और निष्पक्षता पर आधारित होने चाहिए। 84 वर्षीय यूनुस ने यह जवाब छात्रों के साथ एक संवाद के दौरान दिया।



यूनुस के विशेष सहायक महफूज आलम ने इस बातचीत की जानकारी देते हुए कहा कि बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार हमेशा से पड़ोसियों के साथ रिश्तों में परस्पर सम्मान और बराबरी को अहमियत देते रहे हैं। उन्होंने बेहतर क्षेत्रीय सहयोग के लिए दक्षिण एशिया के क्षेत्रीय संगठन- सार्क को फिर से शुरू करने की वकालत भी की।

गौरतलब है कि छात्रों के आंदोलन के बाद पांच अगस्त को बांग्लादेश की तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत आने पर मजबूर होना पड़ा था। इसके पांच दिन बाद ही मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार का गठन हुआ था। बीते हफ्ते भी यूनुस ने दिल्ली के साथ बेहतर रिश्तों की बात कही थी। हालांकि, उन्होंने नसीहत दी थी कि भारत को इस नजरिए को त्याग देना चाहिए कि उसके और बांग्लादेश के रिश्ते शेख हसीना के नेतृत्व में ही बेहतर रह सकते हैं और देश उनके शासन में ही स्थायित्व हासिल कर सकता है। दुर्गा पूजा के दौरान अशांति पैदा होने की आशंकाओं के बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने रविवार को संदिग्ध उपद्रवियों को चेतावनी जारी की।

---

# भारतवंशी दादा-दादी को याद कर भावुक हुईं कमला हैरिस

## कहा- बेहतर भविष्य की लड़ाई का संकल्प मुझमें भी जीवित

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति और भारतवंशी डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस रविवार को भारत में अपने दादा-दादी के साथ बिताए गए सुनहरे लम्हों को याद कर भावुक हो गईं। राष्ट्रीय दादा-दादी दिवस के मौके पर उन्होंने अपने-दादी को एक भावपूर्ण नोट लिखा। कहा कि सार्वजनिक सेवा और बेहतर भविष्य के लिए लड़ाई के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आज भी उनमें जीवित है। इस मौके पर हैरिस ने उन सभी दादा-दादी को शुभकामनाएं दीं जो अगली पीढ़ी को आकार देने और प्रेरित करने में मदद करते हैं।

हैरिस ने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'जब मैं एक युवा लड़की के रूप में अपने दादा-दादी से मिलने भारत जाती थी, तो मेरे दादाजी मुझे सुबह की सैर पर ले जाते थे। जहां वह समानता के लिए लड़ने और भ्रष्टाचार से लड़ने के महत्व पर चर्चा करते थे। वह एक सेवानिवृत्त सिविल सेवक थे, जो भारत की जीत के लिए स्वतंत्रता आंदोलन का हिस्सा थे।'



**राष्ट्रीय दादा-दादी दिवस के मौके पर कमला हैरिस ने दादा-दादी को एक भावपूर्ण नोट लिखा**

हैरिस ने जन्म नियंत्रण को लेकर अपनी दादी की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'मेरी दादी ने जन्म नियंत्रण के बारे में महिलाओं से बात करने के लिए पूरे भारत की यात्रा की।' उन्होंने कहा कि उनके दादा-दादी की 'सार्वजनिक सेवा और बेहतर भविष्य के लिए लड़ाई के प्रति प्रतिबद्धता' आज भी उनमें जीवित है। हैरिस ने कहा, 'सभी दादा-दादी को राष्ट्रीय दादा-दादी दिवस की शुभकामनाएं, जो अगली पीढ़ी को आकार देने और प्रेरित करने में मदद करते हैं।'

**कब और कहां होगी ट्रंप और हैरिस की बहस :** डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस की बहस मंगलवार यानी 10 सितंबर को फिलाडेल्फिया स्थित नेशनल कॉन्सटिट्यूशन सेंटर में रात करीब 9 बजे आयोजित की जाएगी। अमेरिकी ब्रॉडकास्टर एबीसी इस बहस का आयोजन कर रहा है। इस बहस का लाइव प्रसारण किया जाएगा और बहस के दौरान कोई भी दर्शक मौजूद नहीं रहेंगे।




# महापौर ने जल निगम से हस्तांतरण होने वाली योजनाओं का किया निरीक्षण

## मोहन नगर जोन में 10 वार्डों के 4 लाख लोगों को निरंतर मिलेगा जल : सुनीता दयाल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अमृत कार्यों के अंतर्गत गाजियाबाद टीएचए पेयजल योजना पार्ट-2 की योजना जल निगम ने पूर्ण कर ली है जिसका हस्तांतरण नगर निगम को किया जाना है। हस्तांतरण से पूर्व महापौर सुनीता दयाल ने नगर निगम अधिकारियों एवं जल निगम अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस योजना में 1 चार एमएलडी और 2 सात एमएलडी के 3 रेनीवेल बनाये गए हैं जिससे अंडरग्राउंड के माध्यम से पानी नगर निगम के सीडब्ल्यूआर में आता है जिसका प्रयोग मोहन नगर जोन के 10 वार्डों में जलापूर्ति के लिए किया जाना है। बहुत दिनों से इस योजना को हस्तांतरित किया जाना लंबित था। अधिकारियों ने महापौर को बताया, महापौर ने जनता की सुविधा को देखते हुए तत्काल निरीक्षण का कार्यक्रम बनाया और हस्तांतरण की योजना की तैयारी शुरू कराई है। बहुत जल्द यह योजना नगर निगम अपना लेगा। इस योजना में वार्ड 34,78,70,37,80,86,83,73,10 आदि लगभग 10 वार्डों में जलापूर्ति होती है और लगभग 4 लाख लोगों को जलापूर्ति की जाती है। महापौर सुनीता दयाल ने बताया उक्त योजनाओं का निरीक्षण किया गया है। सभी पार्षद लगातार जल आपूर्ति की शिकायत करते रहते हैं इसलिए इस योजना को नगर निगम हस्तांतरण कर लेगा तो पार्षद की समस्या दूर हो सकेगी और नगर निगम निरंतर जलापूर्ति कर सकेगा। निरीक्षण में कुछ छोटी-छोटी कमियां मिली हैं जिसको 1 सप्ताह में पूरा किया जाएगा और योजना को जल निगम से हस्तांतरित कर नगर निगम क्रियान्वित (संचालन) करेगा। इस दौरान जीएम जल विजय नारायण मौर्य, अधिशासी अभियंता केपी आनंद, सहायक अभियंता ओम प्रकाश, अवर अभियंता सोमेन्द्र तोमर, अधिशासी अभियंता जल निगम मोहित वर्मा, सहायक अभियंता जल निगम रविकांत, अवर अभियंता रिषभ, अवर अभियंता बबलू आदि उपस्थित रहे।

# नगर आयुक्त की पहल : सिद्धार्थ विहार में 6 एकड़ जमीन पर लगेंगे 1 लाख पौधे

## कल को बेहतर बनाने के लिए आज पौधरोपण बहुत जरूरी : नगर आयुक्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए गाजियाबाद नगर निगम लगातार प्लांटेशन को बढ़ावा दे रहा है जिसमें गाजियाबाद नगर निगम ने पूर्व में भी मियांवकी पद्धति से प्लांटेशन किया, वही पौधे अब वृक्ष का रूप ले चुके हैं। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार अनेक स्थानों पर प्लांटेशन अभियान के रूप में कराया जा रहा है। सिद्धार्थ विहार स्थित निगम की रिक्त भूमि 6 एकड़ जमीन में लगभग एक लाख पौधे लगाने की शुरुआत की गई। डॉ. अनुज प्रभारी उदयन ने बताया कि टाटा स्टील लिमिटेड के सहयोग से सिद्धार्थ विहार में निगम की 6 एकड़ भूमि पर मियांवकी पद्धति से वृहद स्तर पर प्लांटेशन कराया गया जिसकी शुरुआत नगर आयुक्त ने की। लगभग एक लाख पौधरोपण किया जाएगा जिसकी 3 साल तक जिम्मेदारी टाटा स्टील लिमिटेड की होगी। इसी प्रकार मियांवकी पद्धति से अनेक स्थानों पर पौधरोपण का कार्य निरंतर चल रहा है। प्रताप विहार वार्ड संख्या 15 में भी 10 हजार पौधे मियांवकी पद्धति के अंतर्गत लगाए गए। नगर आयुक्त गाजियाबाद ने शहरवासियों को भी प्लांटेशन के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी टाटा स्टील लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को भी अधिक से अधिक अपने आसपास पौधरोपण करने के लिए मोटिवेट किया गया। कल को बेहतर बनाने के लिए आज पौधरोपण करना बहुत जरूरी है जिससे शहर के आसपास के प्रदूषण को काम करने तथा एक अच्छा वातावरण बनाए रखने में काफी मदद मिलेगी। कार्यक्रम में निगम अधिकारियों के साथ-साथ टाटा स्टील लिमिटेड से मनीष मिश्रा चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स, मुकेश कुमार प्लांट हेड साहिबाबाद व अन्य कर्मचारी गण भी उपस्थित रहे।

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने ग्राम सिरोरा में लाखों के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

## लोनी का सर्वांगीण विकास है हमारा एकमात्र लक्ष्य : विधायक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सोमवार को ग्राम सिरोरा में लाखों रुपये की लागत से निर्मित गली एवं जलनिकासी हेतु नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा, लोनी में बिजली, सड़क, चिकित्सा, पेयजल आपूर्ति, शिक्षा में अभूतपूर्व सुधार हुए हैं। लोनी का सर्वांगीण विकास हमारा एकमात्र लक्ष्य है जिसकी प्राप्ति की दिशा में हम लोग लगे हुए हैं। जल्द लोनी निवासियों को क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्याओं जिसमें बेहटा नहर मार्ग व दिल्ली सहारनपुर मार्ग की समस्या से निजात मिलने वाली है। जलनिकासी की दिशा में पूरे लोनी में सीवरेज सिस्टम बिछाने का कार्य शुरू हो गया है। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मेयर सुनीता दयाल ने पुराना विजय नगर रामलीला मैदान की रंगाई-पुताई का कार्य करवाया शुरू



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुराना विजय नगर रामलीला मैदान की दीवारों की मरम्मत व पुताई का कार्य नगर निगम द्वारा शुरू किया जा रहा है। इसी के निमित्त रामलीला के सभी कार्यकर्ताओं के साथ हमारे शिवकुमार शिबू की माताजी वीरवती देवी के कर कमल द्वारा नारियल फोड़ कर यह शुभ कार्य प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व महानगर महामंत्री लेखराज माहौर ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुराना विजयनगर रामलीला मैदान में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर निगम की मेयर सुनीता दयाल ने रामलीला मैदान की सफाई, रंगाई- पुताई, मरम्मत आदि का कार्य शुरू करवा दिया है। हम सभी मेयर सुनीता दयाल का आभार व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर लेखराज माहौर एडवोकेट, अजय पाल, शिवकुमार शिबू, असलम खान, अभी, तुषार, कपिल, हमारे बुजुर्ग विस्साराम, ज्ञानचंद, ठेकेदार इमरान आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष जेपी कश्यप नाना बन गए हैं। उनकी छोटी बिटिया सोनी को कन्या रत्न की प्राप्ति हुई है। जेपी कश्यप ने नाना बनने की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# राजकुमार गोयल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेन्ट गाजियाबाद में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजकुमार गोयल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेन्ट गाजियाबाद में बी.टेक सत्र (2024-25) के प्रतिभागियों हेतु ओरिएंटेशन प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज के एडवाइजर डा. लक्ष्मण प्रसाद, निदेशक डा. राकेश गोयल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

निदेशक डा. राकेश गोयल ने छात्रों को उनके सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस प्रोग्राम में एडवाइजर डा. लक्ष्मण प्रसाद ने छात्रों का उचित मार्गदर्शन किया। कालेज के चेयरमैन दिनेश कुमार गोयल एवं वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने नवप्रवेशी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आर.के.जी.आई.एम. गाजियाबाद की डीन डा. मनोरमा शर्मा, डा. आभा वत्स, संदीप सिंह, निधि, मनीष कुमार आदि सभी फैकल्टी एवं स्टाफ मौजूद रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम उठते सवालों का करंट




- क्यों कहा कहने वाले ने कि क्रान्तिकारी विधानसभा में प्रमुख पहचान रखते हैं दो भगवा मावी? मगर ऐसा लगता है कि इन दोनों पर हो गया है कोई हावी? ऐसा लगता है खो गई है दोनों की राजनीति की चाबी? राजनीति से ले लिया हो सन्यास? ऐसा करा रहे हैं दोनों फील? पहले तो खूब भाषण दिया करते थे? ना जाने क्यों सौम्य क्रान्तिकारी ने अपनी जुबानों को लिया है सिल?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि विकास वाली ममता दीदी पहले तो देंती थी अपने हर विकास कार्य की रिपोर्ट? हर छोटा बड़ा काम कराया जाता था मीडिया वालों को नोट? मगर ना जाने अब क्या बदलें हैं हालात? ममता दीदी पेश ही नहीं कर रहीं हैं विकास वाला हिसाब किताब? ना जाने कहां चला गया है उनके विकास का डाटा? क्या सरकार से कोई फंड नहीं मिल रहा, पंचायत को हो रहा है घाटा?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जिनके पास है सदस्तया अभियान की बड़ी जिम्मेदारी? हम देख रहे हैं नहीं दिखाई दे रही है अभियान में उनकी कोई बड़ी अदाकारी? कितनी संभाल रहे हैं वो अपने प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी? इस मामले में नहीं कर रहे हैं वो कोई भी सूचना जारी? हमने देखा सदस्यता वाली बड़ी मीटिंग में भी नहीं थे वो मौजूद? या तो वो व्यस्त हैं किसी अन्य जगह? या फिर पार्टी ने चेंज किया है उनकी जिम्मेदारी का कोई वजूद?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मिस्टर अग्रवाल किसी ना किसी माध्यम से देते हैं परमार्थ का संदेश? कभी समाज सेवी तो कभी पत्रकार हो जाता है उनका फेस? सुना है अब जागे हैं उनके विधायक बनने के अरमान? सुना है बायोडाटा भी उनको देकर आये हैं जिनके नशे मन पर इन्होंगे गिराईं थी बिजलियां? ना जाने इसके पीछे क्या है अग्रवाल जी का प्लान? देखना अब ये है कि जो बायोडाटा रखा है गर्ग साहब की टेबल पर? वो वहीं पर रहेगा या फिर वहां से भरेगा कोई वो उड़ान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि आगरा का डाबरा इस बार जब आयेंगे मुख्यमंत्री गाजियाबाद? उसके बाद हो जायेगा एक बड़े अधिकारी का तबादला? कहने वाले ने कहा ऐसा होग तो जरूर आयेगी दो जनप्रतिनिधियों के चेहरे पर मुस्कान? बहुत दिनों से पैंडिग चल रहे हैं दोनों के अरमान? मगर ये भी सच है जैसे-जैसे बदलता है समय करवट? वैसे-वैसे सरकार भी बदल देती है साहब के ट्रांसफर का प्लान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जीडीए बोर्ड और नामित बनने की इच्छा रखने वाले चेहरे हो जायें तैयार? कभी भी इन नामों को तय करने के लिए कोर कमेटी बैठ सकी है यार? हमें मिली है दो दिन में होने वाली बैठक की सूचना? यहीं बनेगी चेहरों को फाईनल करने की योजना? इसलिए देने वाले दें दें भगवा कार्यालय पर दस्तक? लेकर जमें रहें वहां पर अपना मस्तक?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि कुल में दीप जलाने वाले महाज्ञानी त्यागी जी की लग रहा है जगी है कुछ उम्मीद? बहुत दिनों की खामोशी के बाद उन्होंने पार्टी कार्यालय पर अपनी मौजूदगी की दर्ज करायी है तस्दीक? कमांडर से भी ले लिया है उन्होंने सदस्तया का काम? वो अब ऐसे एक्टिव नजर आ रहे हैं जैसे चोटी वाले त्यागी जी रहते हैं श्रीमान? कमांडर का भी मिल रहा है मूंछ वाले त्यागी जी को पूरा सहयोग? लग रहा है जैसे किसी पद के लिए बनाया जा रहा हो उनका योग?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि समय-समय पर भगवा कमांडर कराते हैं खुद के जन नायक होने का एहसास? वो देते हैं संदेश कि उनकी भावनाएं हैं कमजोर और गरीबों के साथ? मगर ई रिक्शा वालों को लेकर उन्होंने धारण की हुई है शातिं? उनके मुख से नहीं सुनाई दे रही है कोई भी क्रान्ति? कहने वाले ने कहा इस मामले में कुछ कमी है उनके बोलने की उम्मीद? क्योंकि जिन साहब की वो हमेंशा खुल कर करते हैं तारीफ? उनके फैसले के खिलाफ कैसे कर सकते हैं वो अपने क्रान्तिकारी शब्द रसीद?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि किंग सिटी वाले भगवा मैम्बर टॉम क्रूज का है गजब का अंदाज? जो भी बात कहनी होती है वो खुल कर कह देते हैं भले ही लग जाये सावन में आग? सुना है उन्होंने पूर्व वाले एक भगवा ब्राह्मण कमिश्नर के सामने खोले हैं दर्जन भर लोगों के सामने कई राज? कहा है कि जिन त्यागी जी के अब गुणगान गाते हो वो बहुत ज्यादा करते थे आपकी बुराई? जब वो बैठते थे एक समय हमारे साथ आपके लिए तो आज भी पहले जैसा है हमारा प्यार? अब आपको ये फैसला करना है कि किसके साथ करना है अब आपको ऐतबार?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बात का तो हो जायेगा बाद में फैसला और बाद में सुन लेंगे सारे तर्क? मगर साथी हो तो ऐसा जैसे हैं सपा के नेता अभिषेक गर्ग? जब अपनों पर हुई कार्यवाही तो वो अपना घर छोड़कर देर रात से सुबह तक उनके साथ खड़े हुए दिये दिखाई? कहने वाले ने कहा यहां पर रिजल्ट क्या आया ये नहीं करता है मैटर? जो विपत्ति में साथी कंधे से कंधा मिलकर खड़ा रहे वहीं होता है सबसे बैटर?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।